## संक्षिप्त समाचार

### शहर में एक वृक्ष मां के नाम पर पौधरोपण

**गया।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गया के क्षेत्रीय प्रबंधक विकास कुमार द्वारा एक वृक्ष मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। इस बीच श्री कुमार ने बताया कि पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है और इसके लिए हम सभी को आगे आने की जरूरत है। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी केशव कुमार, अभिषेक एवं श्वेता कर्मकार आदि मौजूद थे।

### छबिलापुर में करंट से अधेड़ की मौत

**बिहारशरीफ।** छबिलापुर थाना अंतर्गत छबिलापुर गांव में बुधवार को करंट से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक स्व. इंद्रदेव प्रसाद के 49 वर्षीय पुत्र उपेंद्र प्रसाद हैं। परिवार ने बताया कि घर के समीप एक पोल है। लगातार बारिश होने के कारण पोल में करंट आ रहा था। जिस कारण छत पर भी करंट प्रवाहित हो रही थी। अधेड़ छत पर गए तो करंट के शिकार हो गए। परिवार के लोग छत पर गए तब घटना का पता चला। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### जलजमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी

**सिलाव।** मॉनसून की पहली बारिश से गर्मी से लोगों को राहत मिली है और खेत्र के किसानों में खुशी देखी जा रही है। वहीं नगर क्षेत्र में कई जगहों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। बारिश ने बरसात पूर्व जलजमाव को दूर करने और नाले की उड़ाही आदि दावे की भी पोल खोल दिया है। दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। जगदीशपुर गांव के किसान रविन्द्र कुमार ने कहा कि बारिश से किसानों को नई जिंदगी मिली है। कई माह से लगातार बारिश नहीं होने से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे थे। खेती-बारी तो दूर की बात थी।

### ग्राम पंचायत प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम का गठन

**सरमेरा।** प्रखंड के मलावां पंचायत में मुखिया वीणा देवी की अध्यक्षता में जीपीडीपी के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया। जीपीपीएफटी के गठन का मुख्य उद्देश्य पंचायत को सशक्त, स्वास्थ्य एवं सतत विकास की ओर अग्रसर करना और जीपीडीपी के अंतर्गत सफलता के लिए पंचायत को एक स्वास्थ्य पंचायत के रूप में विकसित करना है। इस मौके पर बीडीओ राजीव कुमार ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना, किसी भी कार्य की समीक्षा जैसी गतिविधियां जरूरी है। जिससे समाज में लोगों की जानकारी बढ़े। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि वीरेंद्र गिरी एवं प्रतीष कमल ने कहा कि हर पंचायत में प्रति माह बैठक करना जरूरी है। इस मौके पर सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, जीविका दीदी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आदि उपस्थित थे।

### 13 लाख 34 हजार 843 लोगों ने कराया केवाईसी

**बिहारशरीफ।** सरकार की योजना का लाभ जारी रखने के लिए राशन कार्डधारियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। 30 जुलाई तक ई-केवाईसी के लिए तिथि बढ़ा दी गयी है। अभी तक कुल लाभार्थी 25 लाख 57 हजार 436 में से 13 लाख 34 हजार 843 लाभार्थियों ने ही ई-केवाईसी कराया है। यानि मात्र 53 फीसदी लोगों ने ही ई-केवाईसी कराया है। इसके लिए सभी लाभार्थियों को अपने नजदीकी सरकारी राशन की दुकान पर जाना होगा। पीडीएस दुकान पर उन सभी लोगों को जाना होगा,जिनका नाम राशन कार्ड में दर्ज है। राशन कार्ड पर अंकित परिवार के सदस्यों को ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड,राशन कार्ड नंबर एवं उनके फिंगर प्रिंट का मिलान डीलर को मशीन से कराना है। जो दुकान पर पहुँचने में असमर्थ हैं तो डीलर पॉश मशीन लेकर उपभोक्ताओं के घर जाकर ई-केवाईसी करेंगे।

### नए कानून : वाट्सएप और मेल से दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**बिहारशरीफ।** देश में तीन नए आपराधिक कानून को लागू कर दिया गया है। जिले में एक जुलाई से नया कानून प्रभावी हो गया है। इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), क्रिमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू कर दिया गया है। एसपी अशोक मिश्रा ने बुधवार को नए कानून के संबंध में जानकारी दी। वरीय अधिकारी ने बताया कि बिहार पुलिस द्वारा पीटीसी से लेकर एसपी रैंक के अधिकारियों को नए कानून का प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में 1 जुलाई को जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया था। थानों बैठक कर नागरिकों को नए कानून की जानकारी दी गई। नए कानून में ज्यादातर प्रावधान पुराने हैं। बदले प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अब नागरिक व्हाट्सएप व मेल से आवेदन भेजकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जांचोपरांत पुलिस केस दर्ज करेगी। इलेक्ट्रॉनिक शिकायत में अगर पुलिस घटनास्थल को सत्यापित नहीं कर पाती है तो शिकायतकर्ता का 72 घंटे इंतजार किया जाएगा। समय सीमा के अंदर शिकायतकर्ता के मौजूद नहीं होने पर आवेदन को बंद कर दिया जाएगा। नए कानून में नागरिक नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। नजदीकी थाना जीरो एफआईआर दर्ज कर उसे संबंधित थाना को प्रेषित कर देगी। तलाशी व जब्ती के दौरान पुलिस को वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य है। सात साल से अधिक सजा वाले केस में फोरेंसिक जांच को अनिवार्य कर दिया गया है।

### मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी की योजनाओं को मिला एक्सटेंशन

**नालंदा।** बिहार शरीफ स्मार्ट सिटी का चयन वर्ष 2017 में किया गया था। वर्ष 2018 में विभिन्न योजनाओं पर स्मार्ट सिटी के तहत बिहार शरीफ में कार्य को शुरू किया गया। 5 साल बीत चुके हैं लेकिन अब तक महज 50 फ़ीसदी राशि ही खर्च हो सकी है। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पहले ही दो बार टाइम एक्सटेंशन किया जा चुका है। बिहार शरीफ शहर को स्मार्ट बनाने के लिए 926 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत है। इसमें से अब तक 460 करोड़ ही खर्च हुए हैं जबकि शहर के विकास के लिए 525 करोड़ की राशि मिल चुकी है। 30 जून 2024 को समय अवधि खत्म हो चुकी है। एक बार फिर से भारत सरकार ने मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने का मोहलत दिया है। बिहार शरीफ में 131 करोड़ से 22 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। वहीं 738 करोड़ की लागत से 16 योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसमें मुख्यता फिटनेस पार्क, सीवरेज नाला सह सड़क निर्माण जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

### राजकीय कन्या मध्य विद्यालय परिसर में भरा बारिश का पानी, बच्चों की बढ़ी परेशानी

**बोधगया।** बोधगया में ऐसे भी विद्यालय हैं, जहां सुविधाओं की कमी के चलते छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह विद्यालय नगर परिषद क्षेत्र के नोड वन के पास हैं। यहां दो-तीन दिनों के दौरान हुई बारिश के दौरान विद्यालय परिसर में भीषण जल जमाव उत्पन्न हो गया है। नाला का पानी भी ओवर फ्लो होकर विद्यालय परिसर में जा रहा है, जिससे शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर के अंदर जाना मुश्किल हो गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका मो. शहाबुद्दीन ने बताया कि विद्यालय में पौने तीन सौ बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। रोज 225 छात्र-छात्राएं विद्यालय में आते है। भीषण जल जमाव के कारण एमडीएम लेने के बाद बच्चे वापस घर चले जाते है। विद्यालय परिसर में भीषण जल जमाव के कारण पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है। एक तो वर्षा का पानी विद्यालय परिसर में जमा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद द्वारा बनाए गए नए नाला का पानी भी उल्टी दिशा में बहकर विद्यालय परिसर में ही आकर जमा हो जाता है। बहुत दिनों से नाला की सफाई नहीं कराई गई है। नाला जाम है। इसके कारण नाला का पानी ओवरफ्लो होकर विद्यालय परिसर में जा रहा है। हालांकि स्कूल परिसर से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों से भी की जा चुकी है। मगर वर्षों बीतने के पश्चात भी इस स्कूल परिसर की कोई भी सुध नहीं ली जा रही।

# कंडक्टर के साथ मारपीट, बस चालकों ने की हड़ताल, सुरक्षा की उठाई गई मांग

❐ बख्तियारपुर और बिहार शरीफ के बीच आवागमन प्रभावित

निज संवाददाता। नालंदा



बख्तियारपुर जंक्शन के पास बस कंडक्टर के साथ मारपीट से नाराज बस चालकों ने बख्तियारपुर-बिहार शरीफ रूट की बसों को बंद कर दिया है। बस चालक अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को भागन विगहा ओपी के पतासंग गांव के समीप एनएच-20 से सटे पेट्रोल पंप के पास बस चालकों ने सुरक्षा की गुहार लगाई। गुरुवार की सुबह बख्तियारपुर जंक्शन के पास बस पड़ाव में कुछ लोगों ने बस कंडक्टर नालन्दा के भागन वीघा निवासी जित्तू के साथ मारपीट कर दी। इस घटना से गुस्साए बस चालकों ने बख्तियारपुर-बिहार शरीफ रूट की सभी बसों को बंद कर दिया। बस चालकों का कहना है कि अक्सर बख्तियारपुर बस स्टैंड में चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की घटनाएं होती हैं। वहां के एजेंट भी बचाव को लेकर कोई पहल नहीं करते हैं। यात्रियों से भी अक्सर कहासुनी हो जाती है। बस चालक और कंडक्टर ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम हो। जब तक मांगें पूरी नहीं होती, तब तक बसें नहीं चलेंगी। हड़ताल के कारण बख्तियारपुर और बिहार शरीफ के बीच आवागमन पर बुरा असर पड़ा है।

**रोजाना 35 से 40 बसों का परिचालन होता:** बिहार शरीफ से बख्तियारपुर के लिए रोजाना 35 से 40 बसों का परिचालन होता है। ट्रेनों से लंबी दूरी की यात्रा तय करने वाले यात्री बिहार शरीफ से बस पकड़कर बख्तियारपुर जंक्शन जाते हैं। हड़ताल की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# राष्ट्रीय एथलेटिक्स में फतेहपुर के जितेंद्र ने जीता स्वर्ण पदक

निज संवाददाता। फतेहपुर



फतेहपुर प्रखंड का होनहार बेटा जितेंद्र केशरी ने एक बार फिर से स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय फलक पर पूरे देश, प्रदेश, जिला, प्रखंड व गांव का नाम रौशन किया है। डुमरीचट्टी का बेटा जितेंद्र ने आगरा में आयोजित 800 मीटर ऐथेलेक्टिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पूर्व इस अंतर्राष्ट्रीय धावक ने गोरखपुर, नेपाल और आगरा में स्वर्ण व रजत पदक हासिल कर विष्णु नगरी को गौरवान्वित किया है। जितेंद्र की इस उपलब्धि से गांव व प्रखंड में खुशी की लहर है। बिहार प्रदेश की गया जिले के फतेहपुर प्रखंड स्थित डुमरीचट्टी का रहने जितेंद्र केशरी ने इस बार भी छोटे-छोटे कदमों से बड़ी दूरी हासिल किया है। जितेंद्र ने आगरा में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तहत 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह चौथा मौका है, जब जितेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय फलक पर देश, प्रदेश, जिला, प्रखंड व गांव का मान बढ़ाया है। नेपाल में आयोजित एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए यूथ गेम एजुकेशन फेडरेशन पटना से 800 मीटर दौड़ में जितेंद्र अकेला चयनित धावक रहा। 28 वर्षीय धावक जितेंद्र केशरी एक साल में चार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना लोहा मनवा चुका है। जितेंद्र ने पहली बार 3 जून 2023 को गोरखपुर में स्टेट चैम्पियन बनकर सवर्ण पदक जीता था। वह दूसरी बार 27 नवम्बर 2023 में नेशनल एथलेटिक्स गेम में आगरा में सिल्वर पदक और तीसरी बार 28 फरवरी 2024 में अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स गेम में नेपाल में स्वर्ण पदक जीता है। उसने चौथी बार 29 जून को आगरा में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

# 30 सहायक शिक्षकों को मिला वरीय वेतनमान

निज संवाददाता। गया



गया राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में एक ही वेतनमान में कई वर्षों की सेवा पूरी करने वाले मगध प्रमंडल के 30 सहायक शिक्षकों को वरीय वेतनमान की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें गया जिले के 12 सहायक शिक्षक शामिल हैं। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक मगध प्रमंडल ने इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। आयोग की अनुशंसा पर राजकीयकृत माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और प्रोजेक्ट कन्या विद्यालयों के सहायक शिक्षकों को एमएसीपीएस के प्रावधानों के अंतर्गत एक ही वेतनमान में 12 वर्षों की निरंतर सेवा पूरी करने वाले सहायक शिक्षक को वरीय वेतनमान (6500-10500) की स्वीकृति दी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालयों के माध्यम से प्राप्त अग्रसारण आवेदन पत्र व संबंधित अभिलेखों की जांच के बाद प्रमंडलीय स्थापना समिति की बैठक हुई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था। इसमें गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद व अरवल के संबंधित विद्यालयों में कार्यरत, सेवानिवृत, मृत शिक्षक व वैसे एचएम जिन्होंने सहायक शिक्षक के रूप में नियमानुसार 10, 20 और 30 वर्षों की लगातार सेवा पूरी की। इनलोगों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय वित्तीय उन्नयन का लाभ कई शर्तों के अधीन दिया गया है। वेतन निर्धारण में त्रुटि के बाद राशि की होगी वसूली वेतन निकासी के पूर्व प्रथम, द्वितीय व तृतीय वित्तीय उन्नयन वेतनमान का सत्यापन संबंधित जिला लेखा पदाधिकारी द्वारा किए जाने के बाद वरीय वेतनमान देय होगा।

# बारिश के पानी से घिरा टीओपी, बैरक में जमा पानी, छत से टपक रही बूंदें, जर्जर भवन में प्लास्टिक जवानों का सहारा

निज संवाददाता। गया



नालन्दा में लहेरी थाना के अधीनस्थ कटरा टीओपी में तैनात 9 पुलिसकर्मियों के लिए मंगलवार का दिन डर का दिन बन गया। झमाझम बारिश के कारण टीओपी के बैरक में पानी घुस गया और छत से भी पानी टपकने लगा। आसमान में बादल देख कर ही पुलिसकर्मी सहम जा रहें हैं। जर्जर भवन न केवल पुलिसकर्मियों के लिए बल्कि यहां रखे सामान और दस्तावेजों के लिए भी खतरा है। कभी भी छत गिर सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। किसी तरह से अपने बिस्तर के ऊपर प्लास्टिक डाल कर पुलिसकर्मी रह रहें हैं। मंगलवार को हुई बारिश ने कटरा टीओपी की दयनीय स्थिति को उजागर कर दिया। बैरक में पानी भर जाने से पुलिसकर्मियों को काम करने में भी परेशानी हुई। उनके सामान और दस्तावेज भी खराब हो गए। किसी तरह से एक वक्त का भोजन ही बन सका। माड़-भात खाकर ड्यूटी करनी पड़ रही।

**कटरा टीओपी अतिसंवेदनशील इलाका:** कटरा टीओपी अतिसंवेदनशील इलाका है, जहां 30 हजार से अधिक लोग रहते हैं। इन लोगों की सुरक्षा का जिम्मा कटरा टीओपी में पदस्थापित 9 पुलिसकर्मियों पर है। लेकिन, जब खुद पुलिसकर्मी ही डरे हुए हैं, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी?

**रहने तक की व्यवस्था नहीं:** कटरा टीओपी में पदस्थापित एसआई हृदय नारायण सिंह ने बताया कि हम लोगों के रहने की व्यवस्था नहीं है। मंगलवार को ही बारिश की वजह से पूरे बैरक में पानी घुस आया था। जिसके कारण खाना भी नहीं बन पाया। रात में अगर बारिश शुरू हो गई तो रतजग्गा कर गुजारा करना पड़ता है। किचन में रखा सारा सामान बारिश की पानी की वजह से भीग गया है। इस हालत में ड्यूटी कैसे हो सकती है। कैसे जनता कि हम सेवा कर पाएंगे। बावजूद ड्यूटी तो करना ही है।

**कब घटना हो जाए कहना मुश्किल:** एसआई ने कहा कि छत पर किसी तरह से प्लास्टिक डालकर खुद को सुरक्षित रखा है, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है। पूरी सड़क का पानी इसी बैरक में आ जाता है। बारिश बंद होने के बाद किसी तरह से बाल्टी के सहारे पानी को बाहर निकाला गया। बैरक की दीवारें, छत जर्जर स्थिति में आ चुकी है। कब यहां घटना हो जाए कहना मुश्किल है।

**वरीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दिया गया है:** लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि पुलिस कर्मियों की समस्या से वे अवगत हैं। जल्द ही उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। भवन पुराना रहने के कारण स्थिति खराब हुई है। वरीय अधिकारियों को भी समस्या से अवगत करा दिया गया है।

# सड़क के बिना 700 मीटर की दूरी 7 किमी हुई, पगडंडियों से होकर गुजर रहे लोग

निज संवाददाता। गया



रेलवे लाइन से होकर जाने वाला रास्ता भी बंद

एक अदद सड़क के लिए तरस गांव के लोग, 700 मीटर सड़क नहीं होने की वजह से 7 किलोमीटर की दूरी तय करने को मजबूर गया के फतेहपुर प्रखण्ड की पहाड़पुर पंचायत का रतो गांव में सड़क नहीं है। पैदल जाने के लिए रेल लाइन का किनारा था। वह भी अब छीन गया है। रेल लाइन के दोनों किनारे पर लंबी सुरक्षा दीवार खड़ी की जा रही है। इसकी वजह से 700 मीटर की दूरी पर स्थित पहाड़पुर 7 किलोमीटर दूर हो गया है। मसलन गांव के लोग बाजार, प्रशासनिक सुविधा से दूर हो गए हैं। अब पहाड़पुर तक जाने के लिए गांव वालों के पास कोई रास्ता नहीं बचा है और जो रास्ता है वह कच्ची है। गांव की पगडंडियों से होकर गुजरते हुए कुछ दूरी के बाद सड़क आती है। फिर लोग पहाड़पुर तक पहुंचते हैं। उन्हें ऐसे में 7 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

**रेल लाइन का किनारा छीन जाने से बढ़ी और परेशानी:** रतो गांव की आबादी 150 घरों की है। यानी गांव में 600 से लेकर 700 लोग रहते हैं। गांव के अंचल यादव, रामाशीष यादव, दिनेश यादव, प्रवेश कुमार का कहना है कि उनके गांव से पहाड़पुर तक जाने के लिए सड़क नहीं है। सड़क नहीं होने की वजह से गांव के लोग और स्कूली बच्चे पास के रेल लाइन के किनारे से होकर पहाड़पुर जाते थे। चाहे वह सरकारी काम हो या फिर दैनिक चीजों की खरीद फरोख्त। लेकिन रेल लाइन का किनारा छीन जाने की वजह से अब एक सड़क को मोहताज हो गए हैं।

**विधायक से मुखिया तक की गई मांग:** लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय विधायक से सड़क की मांग की लेकिन अब तक कुछ भी नहीं हुआ है। सिर्फ आश्वासनों पर गांव की जिंदगी खिंचती चली जा रही है। पंचायत के मुखिया से भी कहा गया लेकिन अब तक गांव वालों की नहीं सुनी गई है। गांव के लोगों का कहना है कि गांव के बच्चे सड़क नहीं होने की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मुखिया गणेश पासवान का कहना है कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# गया में करंट लगने से किसान की मौत, भैंस की भी गई जान

निज संवाददाता। गया



गया में खेत में गिरे पड़े बिजली के तार की चपेट में आने से किसान और उसकी भैंस की मौत गया। जिले बेलागंज थाना क्षेत्र के नरमा गांव में शाम के वक्त बघार से मवेशी चरा कर लौट रहे एक किसान और उसकी भैंस की मौत हो गई। मौत का कारण करंट की चपेट में आना है। बताया जा रहा है कि खेत मे गिरे बिजली के तार की चपेट में किसान और उसके मवेशी के आने से यह घटना हुई है। बिजली के तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। खेत में पानी भरा था। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतक के घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार की दोपहर अमर बिगहा निवासी अवधेश यादव का लड़का सुनील कुमार नरमा गांव के बघार में पशु चराने के लिए गया था। शाम ढलने के वक्त वह मवेशी के साथ बघार से घर को लौट रहा था। रह उसी दौरान खेत में गिरे 440 बोल्ट के तार के चपेट में किसान सुनील कुमार एवं एक भैंस आ गया। इससे दोनों की मौत घटनास्थल पर हो गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने सुनील कुमार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बेलागंज ले गए लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण जुट गए। बताया जा रहा है कि बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से तार खेत में गिरा पड़ा था। उसमें बिजली प्रवाहित हो रही थी। इधर, बेलागंज थानाध्यक्ष विनय कृष्ण ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन व बिजली विभाग को दी गई है।

# पूर्व मंत्री अर्जुन राय ने माता-पिता का किया पिंडदान

निज संवाददाता। गया



सीतामढ़ी के पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री रहे अर्जुन राय ने अपने माता पिता का पिंडदान किया। अर्जुन राय गया में रह कर तीन दिनों तक अपने पूर्वजों के निमित पिंडदान करेंगे। वे अपनी पत्नी व भाई के साथ अपने माता-पिता के मोक्ष के कामना को लेकर पिंडदान के साथ कर्मकांड को पूरा करने में जुट गए हैं। इस मौके पर कहा कि पूर्वजों की आत्मा की शांति के साथ मोक्ष की प्राप्ति के लिए पिंडदान का किया जाना जरूरी है। ऐसा शास्त्र में निर्देशित है। अपने पूर्वजों के निमित पिंडदान के लिए ज्ञान की तपोभूमि और भगवान विष्णु की नगरी गया सबसे पवित्र स्थान है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां गया जिले का प्रभारी मंत्री भी रह चुके हैं। उस जिले के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए दिए थे। लेकिन अब सुविधाएं नदारत है। यह विश्व-विख्यात पवित्र स्थल है। उस दृष्टि से उतनी व्यवस्था और सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार और यहां के स्थानीय विधायक जो सरकार में मंत्री हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए, ताकि देश दुनिया से आने वाले तीर्थ यात्रियों को गया प्रवेश करते ही एहसास हो कि वे भारत के पौराणिक शहर में है। यहां के सांसद और विधायक को इस विषय पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है। इस मौके पर राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दू को हिंसक कहे जाने पर कहा कि ऐसा नहीं है।

# बिहार में सबसे अधिक 2640 आवेदन गया में प्राप्त हुए

निज संवाददाता। गया



शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों को नामांकन के लिए स्कूल आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई। यहां 2640 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में अभिभावकों व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में डीईओ डॉ. ओम प्रकाश ने ऑनलाइन लॉटरी के जरिए 1409 बच्चों को स्कूल का आवंटन किया। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पूरी तरह बनी रहे इसके लिए शिक्षा विभाग के निदेशक, प्राइमरी एजुकेशन मिथिलेश मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि पूरे बिहार में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत सबसे अधिक आवेदन गया जिले में आए हैं। चयनित बच्चों का शिक्षा विभाग से पंजीकृत 353 निजी विद्यालयों के कक्षा एक में नामांकन मिलेगा। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान दुर्गा यादव, डीपीएम रवि रंजन, एपीओ रामाशीष राम, प्रोग्रामर स्मिता, कार्यक्रम सहायक संतोष कुमार सिन्हा समेत एसोसिएशन के अध्यक्ष राम स्वरूप विद्यार्थी, सचिव विनोद लाल मेहरवाल व काफी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे। इस वर्ष पहली बार ज्ञानदीप पोर्टल के जरिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के प्राइवेट स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया हुई। राज्य की ऑनलाइन प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए http://gyandeep-rte. bihar.gov.in लिंक के माध्यम से और मार्गदर्शिका के आलोक में सारी प्रक्रिया पूरी की गई। एक जून से पोर्टल पर आवेदन लिए गए। राज्य भर ऑनलाइन आवेदन करने की गति धीमी रहने के चलते दो बार इसकी तिथि विस्तारित की गई। साथ ही आरटीई के तहत नामांकन प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार भी कराया गया। एक जुलाई तक आवेदन लिए गए। जिसमें गया जिले में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जबकि दूसरे नंबर पर वैशाली जिला रहा। इस जिला में 2071 आवेदन प्राप्त हुए। पूरे बिहार के 11 हजार 47 रजिस्टर्ड प्राइवेट स्कूलों में नामांकन के लिए 23 हजार 826 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 13 हजार 523 बालक और 10 हजार 303 बालिका हैं। डीईओ ने कहा कि 05 जुलाई से 15 जुलाई तक गया जिले में चयनित बच्चों का सत्यापन व विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षित हैं 5% सीटें इस बार ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपने प्रखंड स्थित नजदीकी पांच विद्यालयों का चयन करना था। साथ ही चयनित विद्यालय और बच्चों के घर के बीच की दूरी का उल्लेख भी आवेदन में किया गया। चयनित स्कूल से एक किलोमीटर के अंदर रहने वाले बच्चों को पहली और एक से तीन कि.मी. के बीच रहने वाले बच्चों को दूसरी और तीन से छह कि.मी. के बीच रहने वाले छात्रों को तीसरी प्राथमिकता दी गई। संबंधित बीईओ को दूरी का सत्यापन करने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को



# हूल जोहार

## सत्यमेव जयते!

प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं।
आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं,
एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।



**श्री हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR No. 328711/IPRD/2024-25

## संक्षिप्त समाचार

### एक माह बाद जैतपुर रजवाहा नहर में आया पानी

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी प्रखंड जैतपुर रजवाहा नहर में एक माह बाद 2 में जुलाई को पानी छोड़ा गया है। पहले मई के 25 तारीख से 1 जून के बीच नहर में पानी छोड़ दिया जाता था। पानी छोड़ने के बाद किसान खेतों में धान का बिचड़ा डालते थे। लेकिन इस वर्ष नहर में समय पर पानी आने से किसान किसी तरह दूसरे किसान के सहारे खेत मे धान का बिचड़ा रोहणी नक्षत्र में डाल सके। अब 2 जुलाई को डिलिया लख से पानी छोड़ा गया है। किसानों का कहना है कि अब ये रजवाहा बरसाती हो गई है। जब बारिश होती है तभी नहर में पानी छोड़ा जाता है। इस संबंध में नहर विभाग के कनीय अभियंता रमेश कुमार ने बताया कि बहुत ज्यादा कर्मी पड़ने से नहरों में दरार पड़ गया था। पानी छोड़ने के बाद ऊपर ही दरार भरने में पानी खत्म हो जाता था ,इसलिय नीचे तक पानी नही पहुंच पाता था।

### नए सिविल सर्जन शिवेंद्र सिन्हा ने दिया योगदान

**आरा।** भोजपुर के नए सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय में अपना योगदान दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता होगी कि स्वास्थ्य टीम को मजबूत करे, ताकि जिले के लोगो को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य की सेवा मिल सके। अपने अनुभव और नेतृत्व के दम पर स्वास्थ्य सेवा में जिले को नई उंचाई देंगे। स्वास्थ्य टीम के माध्यम से जिले के लोगो को इलाज के साथ -साथ बिमारी के बारे में जागरूक भी करवाऊंगा, ताकि लोग यह जान सके कौन सी बिमारी किस कारण से होती है और उसका निदान क्या है। हमारी कोशिश रहेगी की जिले की स्वास्थ्य सेवा में पहले से अधिक सुधर हो।

### मृतक के परिजनों से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह

**आरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व आरा सांसद आरके सिंह सन्देश थाना क्षेत्र के दो गांव में हुई घटना में मृतक के परिजनों से मिलकर शोक सांत्वना दिया। जिसमे थाना क्षेत्र के बारा और नसरतपुर शामिल है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मृतक के परिजनों से कहा कि इस दुःख की घड़ी में भाजपा आपके साथ है। इस घटना को लेकर ऊपर के अधिकारियों से बात कर न्याय दिलाने के भरसक प्रयास करूंगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री थाना क्षेत्र के बारा गांव पहुंचे जहां बारा निवासी शैलेश कुमार राय के पुत्र अभिषेक कुमार को अपराधियों ने अपहरण कर हत्या कर शव को दूसरे जगह फेंक दिया था। दूसरी थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव दलान में सोए बीए के छात्र गोलू कुमार की सर में गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। जिसे लेकर दोनों के पूरे परिवार सदमे है। इस मौके पर शालिनी सिंह, सोनू गुप्ता,सुनिल तिवारी, मंटू सिंह मुखिया, अंशु सिंह, कौशल यादव,मीरा यादव, राकेश सिंह, मोनू सिंह, रंजन राय,रंजीत सिंह चौहान, विनय बेलाउर, पुतुल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की 33वीं पुण्यतिथि

**बिहिया** |अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की 33वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर बिहिया चौरास्ता के समीप दोघरा के पास आयोजित श्रीविष्णु महायज्ञ में भक्तिमय माहौल है। त्रिकालदर्शी परमसिद्ध संतश्रीदेवराहा शिवनाथदासजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित महायज्ञ के दूसरे दिन काशी के प्रसिद्ध आचार्य पंडित डाक्टर भूपेन्द्र पांडेय और उनके सहयोगियों द्वारा यजमानों को मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन और वेदी पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संतश्रीदेवराहा शिवनाथदासजी महाराज की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहा शिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि हमारे गुरुजी श्रीदेवराहा बाबा जल में ही रहा करते थे और उनके सिर के जटा से हमेशा बारहों मास जल की बूंदें टपका करता था। यह परम सौभाग्य की बात है। संतश्री ने कहा कि गुरुवार को श्रीविष्णु महायज्ञ का अरणि मंथन होगा और इसके बाद यज्ञमंडप की परिक्रमा शुरू हो जाएगी। कहा कि श्रीविष्णु महायज्ञ में शामिल होने से जीव दैहिक दैविक और भौतिक ताप से मुक्त हो जाता है और जीव के सारे मनोरथ की पूर्ति हो जाती है। महायज्ञ आगामी 8 जुलाई तक चलेगा।

### दूधनाथ बाबा प्रांगण में नव स्थापित बजरंगबली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठ

**जगदीशपुर** |स्थानीय जगदीशपुर नगर के दूधनाथ बाबा प्रांगण में नव स्थापित बजरंगबली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद बुधवार को दूधनाथ बाबा प्रांगण में दर्जनों फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। संरक्षक सुरेंद्र साह के नेतृत्व में पौधारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा और संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। सुरेंद्र साह ने कहा कि धरती पर हरियाली व पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़- पौधे लगाना जरूरी है। इसके लिए हम सभी को साथ मिलकर आगे आना होगा। वहीं दूसरी ओर नपं के पूर्व वार्ड पार्षद और चेयरमैन प्रत्याशी रहे सुरेंद्र साह के आवास पर मंगलवार को आषाढ़ माह के पावन बेला पर आद्रा पूजा विधिपूर्वक की गयी। पूर्व पार्षद और उनकी पत्नी आरती देवी ने परंपरानुसार पूजा-अर्चना कर परिवार और नगर की खुशहाली मंगल कामना की। पूजा-अर्चना के बाद पूर्व वार्ड पार्षद की आवास जा कर पर कई लोगों ने पहुंचकर आद्रा पूजा का प्रसाद भी ग्रहण किया।

### हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में मृतकों को भोजपुर ज़िला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में दी गई श्रद्धांजलि

**आरा**| हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में मृतकों को भोजपुर ज़िला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो.बलिराज ठाकुर की अध्यक्षता में गहरा शोक जताया गया।सम्मेलन से जुड़े लोगों ने अपने शोकोद्गार में कहा कि यह मर्माहत करने वाली दुखद और दर्दनाक घटना भूलने योग्य नही है। प्रो.ठाकुर ने कहा कि चमत्कार के दावे में फंसाने वाले बाबा भोली भाली जनता को असह्य दर्द दे गया। सरकार ऐसे बाबाओं के विरूद्ध सघन जांच कराकर उनके भ्रामक कारनामों का पर्दाफ़ाश करे। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए और उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रो.नंदजी दूबे, प्रो.दिवाकर पांडेय, कवि समीक्षक जीतेन्द्र कुमार, शिवदास सिंह, प्रो.अयोध्या प्रसाद उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### चंदा पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन

**कोईलवर।** प्रखंड के चंदा पंचायत में बुधवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक तकनीकी प्रबंधक अदिति चंदेल ने मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डाला। कृषि सलाहकार सूरज कुमार सिंह ने कृषि यंत्रीकरण एवं बागवानी मिशन पर प्रकाश डाला। पैक्स अध्यक्ष सह किसान अजय कुमार सिंह ने भी किसानों को ज्वार, मडुआ, चीना एवं मक्का जैसे मोटे अनाज की खेती करने की सलाह दी। मोटे अनाज की खूबियों को किसानों को बताया गया। इस सम्मेलन में विनोद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह एवं बलिराम सिंह सहित दर्जनों किसान शामिल हुए। किसानों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें चीना की खेती के लिए चुना गया था। लेकिन विभाग ने उन्हें सांवां के बीज भेज दिए, जो उन्हें खेती के लिए अनुपयुक्त लगे।

### डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण,दिए निर्देश

**बक्सर।** बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार प्रखण्ड परिसर बक्सर स्थित मासिक ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वेयर हाउस में लगा हुआ सीसीटीवी एवं अग्निशमन यंत्रों की कार्यकारिता की जाँच की गई। वेयर हाउस में साफ-सफाई एवं बिजली संचालन आदि हेतु वहाँ उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी मनेरूल शेख को निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# मिडिल स्कूल में घुसा बारिश-नाले का पानी

♦ बक्सर में सड़क पर हाजिरी बना रहे टीचर, क्लासरूम में डेस्क के ऊपर बैठ सभी

निज संवाददाता। बक्सर





बक्सर के नया बाजार सहयोगी मध्य विद्यालय में दो दिनों में हुई बारिश के दौरान विद्यालय परिसर में भीषण जलजमाव उत्पन्न हो गया है। नाले का पानी भी ओवर फ्लो होकर विद्यालय परिसर और क्लासरूम में जा रहा है, जिससे शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिसर के अंदर जाना मुश्किल हो गया है। उलिहाजा, शिक्षक और छात्र-छात्राओं का हाजिरी सड़क पर बनाने को मजबूर है। यह नजारा कैमरे में जब कैद हुआ तो व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में रोज सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं लेकिन, भीषण जलजमाव के कारण पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है। एक तो बारिश का पानी स्कूल परिसर में जमा हो रहा है। वहीं, दूसरी तरफ नगर परिषद द्वारा बनाए गए नए नाले का पानी भी उल्टी दिशा में बहकर विद्यालय परिसर में ही आकर जमा हो जाता है। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंदे पानी से होकर छात्र-छात्राएं और शिक्षक स्कूल के क्लास रूम में पहुंचते हैं। शिक्षक इम्तियाज अंसारी ने बताया कि स्कूल सुबह सात बजे से 12 बजे और पुणे 12 बजे से शाम पांच बजे तक दो पालियों में चलता है। जिस तरह से यहां पानी भरा हुआ है, इससे स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी काफी परेशानी हो रही है। साथ ही छोटे बच्चों के बीमार होने का खतरा भी बढ़ गया है। इसकी सूचना शिक्षा पदाधिकारी को दी गई है। दो दिन पहले डीओ ऑफिस से अधिकारी आए थे तो उनसे भी कहा गया था कि बारिश में पानी लग जाता है। अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्ग आठ की छात्रा डिप्टी कुमारी द्वारा भी कहा गया कि कुछ कीजिए, पूरे विद्यालय में पानी लग गया है। कैसे क्लास रूम तक जाएं, कैसे पढ़ाई करें, कुछ समझ में नहीं आ रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल द्विवेदी ने कहा कि इसकी सूचना नगर परिषद के अधिकारी को दी गई है। जलजमाव की समस्या क्यों आ रही है और उसका निदान करेंगे।नगर परिषद के मुख्य स्वच्छता अधिकारी आशुतोष कुमार द्वारा बताए गया कि समस्या की जानकारी मिली है।

### कर्मियों की कमी से जूझ रहा परिवहन विभाग, बक्सर में आमजनों को हो रही असुविधा

DTO ने कहा-स्थानातरण से असुविधा




निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला परिवहन कार्यालय में इन दिनों कर्मियों की कमी के कारण काफी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। काउंटर्स खाली दिखाई दे रहे हैं, जिससे कि वहां पहुंचने वाले लोग परेशान हो जा रहे हैं। कई काउंटर खुल नहीं पा रहे हैं और जो खुल रहे हैं, वहां लोग मौजूद नहीं रह रहे है। अपनी ड्राइविंग लाइसेंस को रिन्यूअल करने की प्रक्रिया समझने के लिए पहुंचे अभय कुमार ने बताया कि काउंटर संख्या छह पर गए। लेकिन, वहां पर कोई भी मौजूद नहीं था। बाद में एक पुलिसकर्मी वहां पहुंचे, लेकिन उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी।

**एक दिन पहले सभी स्टाफ का ट्रांसफरः** वहीं, इस संबंध में जब जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि एक दिन पहले जिला परिवहन विभाग में कार्यरत सभी स्टाफ का ट्रांसफर हो गया है। नए ऑपरेटर का यहां पर तबादला हुआ है। वह अभी योगदान करेंगे। इसलिए, मैंने जवाबदेही दिया है कि जितने काम आपके पेंडिंग है, उसको खोज करके सभी सहायक और प्रधान सहयोग को भी निर्देश दिया है कि पेंडिंग काम को डिस्पोजल करके यहां से जाएं। ऑफिस में थोड़ी अस्तव्यस्तता है।लेकिन, हम लोग कोशिश कर रहे है कि कोई आम नागरिकों को असुविधा नहीं हो।

## कार्यों में रूचि नहीं लेने पर 5 अधिकारियों से शो कॉज



निज संवाददाता। बक्सर

बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने जल जीवन हरियाली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की। डीएम ने मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी निर्देश दिया कि शेष तालाबों एवं नव निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आहरों एवं पईनों के जीर्णोद्धार, चापाकल के किनारे सोख्ता निमार्ण, वृक्षारोपण कराएं। सहायक निदेशक, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सहायक निदेशक शस्य (प्रक्षेत्र) पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक रसायन पदाधिकारी जिलें के महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित पाये गये। जल जीवन हरियाली के तहत कार्य में कोई प्रगति नहीं होने एवं अपने कार्य में अभिरुचि नहीं लेने के कारण डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा है। सहायक परियोजना अभियंता, ब्रेडा को कार्य में प्रगति नहीं प्राप्त करने के कारण स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल बक्सर को सार्वजनिक तालाबों के जीर्णोद्धार एवं चैकडेम निर्माण कार्य में प्रगति नहीं प्राप्त करने के कारण स्पष्टीकरण करते हुए वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया।

## गंगा में डूबकर बुजुर्ग की मौत, खेत की तरफ घूमने निकले थे, खोजबीन के दौरान घाट पर मिला कपड़ा

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से खेत घूमने गए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक करनामेपुर थाना क्षेत्र के परसौंडा गांव निवासी स्व. राम इकबाल चौधरी के 65 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण चौधरी हैं। जो पेशे से किसान थे। मृतक के पड़ोसी अशोक चौधरी ने बताया कि वह प्रतिदिन दोपहर में घर से बाजार और खेत घूमने के लिए निकलते थे। शाम पांच बजे तक वापस लौट आते थे। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे वह खेत की ओर घूमने के लिए निकले थे। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटे। जिसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन करनी शुरू की। खोजबीन के दौरान जब वह ओझवलिया गांव से गंगा नदी घाट के किनारे पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका कपड़ा घाट के किनारे रखा हुआ है।

**बुधवार रात मिली लाशः** स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को गंगा नदी में खोजना शुरू किया गया। परिजनों और स्थानीय गोताखोरों के काफी प्रयास के बाद उनके शव को बुधवार की रात पानी से बाहर निकल गया। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**परिजनों ने जताई डूबने की आशंकाः** दूसरी और मृतक के परिजन ने गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने के कारण मौत की आशंका जताई है। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी पार्वती देवी और तीन पुत्र सुखन, अनिल और सुखदेव हैं।

## छापेमारी अभियान में 22 आरोपियों की गिरफ्तारी, लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट में पुलिस ने की कार्रवाई, हथियार और कारतूस भी बरामद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 22 पकड़े गए। इसमें हत्या में 1, लूट कांड में 1, हत्या के प्रयास में 7, आर्म्स एक्ट में 1, वारंट में 2 और शराब मामले में 10 पुलिस पकड़े गए हैं। अभियान के दौरान 2 अवैध शराब भट्ठियों को तोडा गया। 1 बाइक, 1 देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किया गया है। सिकरहटा थाना पुलिस ने फरवरी 2024 में घटित लूट कांड में वांछित एक बदमाश आनंद कुमार राय भी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित सिकरहटा के बागर गांव का निवासी है।

**दारोगा के भाई की हत्या की थीः** छापेमारी का नेतृत्व सिकरहटा थानाध्यक्ष रौशन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी कर रहे थे। इधर, थानाध्यक्ष ने बताया कि 17 जनवरी 2024 की देर शाम आरा नवादा थाना के जगदेवनगर मोहल्ले में तिलक नगर, कतीरा निवासी मोहल्ला निवासी व झारखंड में तैनात दारोगा अमित कुमार के छोटे भाई अमन कुमार की गोली मारकर हत्या मामले मे भी पुलिस को आनंद राय की तलाश थी। मृतक के चचेरे भाई अंकित ने केस किया था। प्राथमिकी में दूसरे नंबर पर नाम था। कुल दो केस हुए थे। इस घटना को लेकर पुलिस ने भी अलग से एक केस किया था। जिसमें छठे नंबर पर उपरोक्त आरोपित का नाम था। स्वजन ने घर से बुलाकर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया था। इस केस में पूर्व में भी गिरफ्तारी हुई थी।

**वाहन जांच में 55 हजार रुपए जुर्मानाः** अजीमाबाद थाना पुलिस ने पिस्टल और तीन गोली के साथ एक बदमाश डीहरा निवासी राहुल को पकड़ा है। सहार पुलिस ने एक अपहता को बरामद किया है। मई 2024 में अपहरण का केस हुआ था।

पूर्व रेलवे

**सं. ओ–एसी–टी–106–24–25 (खुली), दिनांक 01.07.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं. ओ–एसी–टी–106–24–25, कार्य का नामः** एईएन/जेएसएमई के अधीन दुमका में स्टेशन बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया के समुन्नयन और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,51,81,636.93, **बयाना राशि :** रु. 2,25,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** 29.07.2024 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** देखें।

ASN-107/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने की आत्महत्या

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के पड़री गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि फोन पर पति से झगड़ा के बाद विवाहिता अपनी 2 साल की बेटी पर गुस्सा निकाल रही थी। इसका विरोध सास ने किया, तो महिला ने ऐसा कदम उठाया है। ससुराल वालों के अनुसार महिला पहले भी कई बार परिजनों को फांसी लगाकर आत्महत्या की धमकी देती रहती थी। विवाहिता के पिता ने बताया कि अक्सर पति-पत्नी बीच झगड़े हुआ करते थे।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** गांव के चौकीदार अक्षय कुमार यादव ने कहा कि पुलिस की सूचना पर जब हम इनके घर पहुंचे, तो कमरे का दरवाजा बंद था। उसको जैसे तैसे खोल अंदर देखा, तो महिला पंखे से गर्दन में साड़ी लपेट लटक रही थी। इसे नीचे उतारा गया। सूचना पर पहुंची औद्योगिक थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर विवाहिता के मायके वाले भी पहुंचे थे। हालांकि, अभी तक किसी के खिलाफ कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बक्सर औद्योगिक थाना क्षेत्र के पड़री गांव की है।

**मृतका की मां ने नहीं लगाया कोई आरोपः** यहां के निवासी पिंटू शर्मा की शादी 2020 में धनसोई थाना क्षेत्र के इनापुर गांव निवासी जयराम शर्मा की बेटी अनीता देवी 24 साल के साथ हुई थी। मायके और ससुराल दोनों पक्ष के लोगों ने कहा कि पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। मृतिका अनीता देवी की एक दो साल की छोटी बच्ची थी।

### पौधरोपण से ही बचेगा जीवन : आरके सिंह

**आरा** । पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह पूर्व सांसद आरके सिंह बुधवार कच आरा पहुंचे। सर्किट हाऊस में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व सांसद ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले ऐतिहासिक पतालेश्वर मंदिर मे जाकर दर्शन किए। इसके बाद जेल रोड में जोड़ा मंदिर परिसर में 5 पौधे लगाए। साथ ही रमना मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। विगत माह में तेज गर्मी उसी का परिणाम था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान चल रहा है। उस अभियान में समस्त लोगो को शामिल होकर पर्यावरण बचाना होगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने संदेश प्रखंड के नसरतपुर मे विगत दिन हुए संजय सिंह के पुत्र की हत्या पर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 03.07.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–110–24–25, कार्य का नामः** सोनारपुर (30) शय्या और बारुईपुर (30) शय्या में आरपीएफ बैरक का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.2,65,20,199.29, **बयाना राशि :** रु. 2,82,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–111–24–25, कार्य का नामः** बारासात (30) शय्या में आरपीएफ बैरक का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,32,44,283.81, **बयाना राशि :** रु. 2,16,200/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 26.07.2024 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक** 26.07.2024 को 15.30 बजे है।

SDAH-113/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 22–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 03.07.2024** के तहत ई–निविदा आमंत्रण। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य (1) सीतारामपुर–झाझा शाखा में शंकरपुर–मथुरापुर के बीच एलसी गेट नं. 24/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (2) सीतारामपुर–झाझा शाखा में तूतीकोरीन–लाहाबन के बीच एलसी गेट नं. 33ए/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (3) सीतारामपुर–झाझा शाखा में नरगंजो–झाझा के बीच एलसी गेट नं. 37 स्पेशल/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 70,31,517.77, **बयाना राशिः** रु. 1,40,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 27.07.2024 को 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः** **http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-105/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारी महासंघ 5 से करेगा चरणबद्ध आंदोलन का आगाज

**मुंगेर।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ मुंगेर प्रक्षेत्र ने मुंगेर विवि के कुलसचिव को मांग पत्र भेजकर सिलसिलेवार आंदोलन का ऐलान कर दिया है। 5 जुलाई को सभी प्रभारी प्राचार्यों तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों को सभी मांगों को पूरा करने के लिए ससम्मान गुलाब का फूल भेंट किया जाएगा। उसके बाद आंदोलन का रूख उत्तरोत्तर वृहत एवं निर्णायक होता जाएगा। महासंघ के प्रक्षेत्र मंत्री रविन्द्र कुमार ने बताया कि बीते 1 जून को ही विवि प्रशासन को विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र समर्पित किया गया था। कार्रवाई के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था। मगर विवि प्रशासन का रूख बिल्कुल गैर जिम्मेदाराना एवं संवेदनहीन बना रहा। कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए मजबूरन 5 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत होगी। महासंघ के नेताओं ने बताया कि 6 जुलाई को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। 8 जुलाई को कलमबंद हड़ताल होगा। वहीं 9 एवं 10 जुलाई को सभी कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही उसी दौरान विश्वविद्यालय परिसर में धरना, प्रदर्शन एवं तालाबंदी करेंगे। उसपर भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल में सभी कर्मी चले जाएंगे। कर्मचारी महासंघ ने जुलाई माह में सीनेट का चुनाव कराने की मांग की है। अध्यक्ष गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि विवि प्रशासन जान बूझकर सीनेट चुनाव को लंबा टालना चाहता है।

### छात्रों को बताया इलेक्ट्रॉनिक कचरा कैसे कम किया जाए

**भागलपुर।** आईआईटी, एनआईटी समेत 121 संस्थानों की 59 हजार 917 सीटों के लिए जोसा काउंसिलिंग का दूसरा दौर एक जुलाई को समाप्त हो गया। बुधवार को आयी क्वेरी का रिस्पॉन्स देने का भी समय समाप्त हो गया है। दूसरे राउंड में आवंटित संस्थान में भी एडमिशन की प्रक्रिया काफी धीमी रही। आईआईटी में भी एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स चौथे राउंड के इंतजार में हैं। अधिकतर स्टूडेंट्स फ्लोट का ऑप्शन चुन रहे हैं। फ्लोट का ऑप्शन चुनने के बाद दूसरे कॉलेज और दूसरी ब्रांच में भी जा सकते हैं। लेकिन उम्मीदवार को पहले आवंटित सीट को स्वीकार करना होता है। लेकिन बाद के राउंड में उच्च प्राथमिकता वाले विकल्पों पर विचार करने के लिए तैयार रहते हैं। इस वर्ष छात्रों में कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ एमएनसी, एआई, डेटा साइंस और इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटेशनल मेकेनिक्स ब्रांच का भी बड़ा क्रेज देखने को मिला है। एजुकेशन रिपोर्टर| भागलपुर जिले के प्राथमिक, मध्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप के तहत बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने का तरीका छात्रों को बताया गया और जागरूक किया गया।

### देवघरा में दुर्गा माता मंदिर में भागवत कथा:नैतिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य : अरविंद

**टेटिया बंबर।** श्री श्री 108 श्री उच्चेश्वर नाथ महादेव देवघरा के प्रांगण में नव निर्मित श्री दुर्गा माता मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत छाता ग्राम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वाराणसी से पधारे आचार्य अरविन्द जी महाराज ने भक्तों से निवेदन किया कि मानव जीवन के नैतिक मूल्यों कि रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। धर्म पथ पर अबाध अग्रसर हेतु आहार व्यवहार एवं विचार का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा सम्पूर्ण जीवन इन्हीं तीनों के द्वारा उपलब्ध हुए मार्ग पर गुजरता है। जैसा आहार होगा वैसा विचार होगा और वहीं व्यवहार में आएगा। दुर्योधन पिता के अज्ञान युक्त अन्न प्राप्त कर अज्ञानी हो गया और विचार भ्रष्ट होने के कारण व्यवहार दूषित हो गया फलतः महाभारत जैसा भयंकर विनाश दृष्टि गोचर हुआ।

# पीसीसी सड़क नहीं बनने से टोले में भरा पानी

## दलदल और जलजमाव के बीच करनी पड़ रही आवाजाही

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर प्रखंड स्थित सुल्तानपुर भित्ति पंचायत के दास टोला में पीसीसी सड़क निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। कच्ची सड़क किनारे तालाब है। तालाब में डूबने से हाल में ही दो लोगों की मौत हुई है। स्थानीय बिपिन दास ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग प्लॉटिंग कर रहे हैं। इस वजह से पीसीसी सड़क निर्माण नहीं होने दिया जा रहा।उ गांव वालों ने चंदा इकट्ठा कर अमीन बुलाया था, लेकिन ना तो नापी करने दिया ना ही पीसीसी सड़क बनने दिया। इसको लेकर



अंचलाधिकारी और स्थानीय पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया था। पिछले जुलाई में 25 तारीख को नापी कर पीसीसी सड़क बनने की बात कही थी, लेकिन दूसरा पक्ष पहुंचा ही नहीं जिसके कारण आज भी स्थिति बदहाल है।

**राजंदीपुर में भी पक्की सड़क नहीं:** दूसरी और रजांदीपुर पंचायत के वार्ड नंबर-1 के ग्रामीण विगत 20 वर्षों से सड़क के अभाव में हैं। सड़क नहीं रहने के कारण खासकर महिलाएं, बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर यही हाल इस वार्ड का रहा तो जलजनित बीमारी से पीड़ित रोगी की संख्या बढ़ जाएगा। वही, ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया व अन्य प्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे हैं मामले को लेकर अंचलाधिकारी सौरव कुमार ने बताया कि उस जगह पर दो लोगों की जमीन है। दोनों भाई की बटवारा नहीं हुआ है। जिसके कारण वह लोग सड़क बनने नहीं दे रहे हैं। जमीन बटवारे के लिए उन लोगों को बुलाया गया है।

### राष्ट्रीय मेला घोषित करने को लिखा जाएगा पत्र

## श्रम संसाधन मंत्री पहुंचे अजगैवीनाथ धाम, कांवरियों की सुविधा के लिए दिए निर्देश

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैवीनाथ धाम गुरुवार को श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह पहुंचे। इस दौरान सबसे पहले श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने अजगैवीनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। उसके बाद अजगैवीनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण करते हुए गंगा घाट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर जायजा लिया। सभी विभाग के



पदाधिकारियों को श्रावणी मेले में आने वाले कांवरियों को बेहतर सुविधा देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुलतानगंज का नाम अजगैवीनाथ धाम रखने के सवाल पर कहा कि हम सर्मथन देते हैं। अजगैवीनाथ धाम नाम के लिए संसद भवन में रखा जाएगा और श्रावणी मेला को राष्ट्रीय मेला के सवाल पर कहा कि जरूर होना चाहिए इसके लिए भी भारत सरकार को पत्र भेजा जाएगा। श्रावणी मेला में कांवरियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

**श्रावणी मेला से पूर्व सारी तैयारी कर ली जाएगी:** मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कांवरियों की बेहतर सुविधा के लिए विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। श्रावणी मेला से पूर्व सारी तैयारी कर ली जाएगी। सड़क की जर्जर व्यवस्था पर कहा कि बायपास रोड से कांवरियों को गंगा घाट तक सुरक्षित सुविधा दी जाएगी। इस दौरान विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, नगर परिषद सुलतानगंज के सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू और जदयू अनुसूचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास ने श्रावणी मेला में कांवरियों की सुविधा के लिए मांग की और नगर सभापति राज कुमार गुड्डू ने मांग पत्र का ज्ञापन मंत्री संतोष कुमार सिंह कौ सौंपा।

## विकास कार्य में लापरवाही पर अधिकारी और ठेकेदार भेजे जाएंगे जेल : प्रभारी मंत्री

निज संवाददाता। भागलपुर

शहर की कई समस्या से प्रभारी मंत्री को पार्षद ने कराया अवगत वार्ड-38 के पार्षद



अश्वनी जोशी मोंटी ने बुधवार को बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सह भागलपुर जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह से सर्किट हाउस में मुलाकात शहर की समस्याओं से अवगत कराया। मोंटी ने मंत्री से कहा कि ट्रैफिक सिग्नल से जानता को परेशानी और 235 करोड़ की लागत से शहर में लगे कैमरे से घटना का उद्भेदन नही हो रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को समझकर जल्द निदान कराया जाएगा। नगर सफाई कर्मचारी संघ के शिष्ट ने भी प्रभारी मंत्री संतोष सिंह को दैनिक सफाई कर्मी को स्थायी अतुखुशलता वेतन भुगतान और सातवां अंतर वेतन की राशि पुनः भुगतान करने को पत्र सौंपा। भागलपुर जिले में विकास कार्यों को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और ठेकेदार जेल भेजे जाएंगे। उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। श्रावणी मेले को केंद्र सरकार राष्ट्रीय मेले का दर्जा दे इसके लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। भागलपुर में सिटी बस की सेवा शुरू हो इसके लिए जल्द ही योजना तैयार की जाएगी। इस बिन्दु को अधिकारियों के साथ साझा भी किया गया है।

## प्लास्टिक कचरे पर्यावरण को होता है नुकसान : नगर आयुक्त

निज संवाददाता। मुंगेर

विश्व प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस पर गुरुवार को टाउन हॉल में यूएन ईपी और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से प्लास्टिक प्रदूषण और अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर कुमकुम देवी और नगर आयुक्त निखिल धनराज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला की अध्यक्षता मेयर कुमकुम देवी ने की। कार्यशाला में यूएन ईपी यानी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भारत व नॉर्वे समुद्री प्रदूषण पहल और टाइड टर्नर प्लास्टिक चैलेंज विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य पटना से आए अरूण कुमार ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में छात्रों, शिक्षकों, स्वयं सहायता समूहों और नगर निगम अधिकारियों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाना होगा। इसके अलावा एकल उपयोग वाले प्लास्टिक कचरे को कम करने के उपाय और उसपर प्रतिबंध लगाने के लिए व्यावहारिक कदमों व टिकाऊ प्रथाओं की समझ बढ़ानी होगी। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नागरिक समुदाय और नगर निगम अधिकारियों के बीच सहयोग बढ़ाकर काम करना होगा। कार्यशाला में नगर निगम वार्ड सदस्य, सिटी मैनेजर एहतेशाम हुसैन, लोक स्वच्छता अधिकारी गुलाम रब्बानी व पिंटू कुमार समेत एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप के अलावा मॉडल स्कूल, बैजनाथ गर्ल्स स्कूल, टॉउन स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर लल्लू पाखर व शास्त्री नगर सरस्वती विद्या मंदिर के सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद थे।

### 'माता-पिता और बेटे में विपक्ष सिमटा',

## भागलपुर पहुंचे मंत्री संतोष कुमार, लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा-विपक्ष के पास कोई विषय नहीं

निज संवाददाता। भागलपुर

एक दिवसीय दौरे पर बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह बुधवार को भागलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई विषय नहीं है। पगड़ी में ही उलझ कर रह जाएंगे। लाठी पिलावन-तेल पिलावन करते रहेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पगड़ी उतारने पर विपक्ष दल के नेता लगातार कमेंट कर रहे हैं। इस पर मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सम्राट चौधरी ने कहा था कि राम मंदिर बन जाने के बाद पगड़ी उतार देंगे। राम मंदिर बन गया। उन्होंने पगड़ी उतार दिया। विपक्ष के पास कोई विषय नहीं है। विपक्ष पगड़ी में ही रह जाएंगे। माता-पिता और बेटे में विपक्ष सिमट कर रह जाएंगे। दबी जुबान पर उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोला है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने संविदा कर्मियों के बीच नियोजन पत्र वितरण किया। शहर के टाउन हॉल में कार्यक्रम



के दौरान सैकड़ों संविदा कर्मियों को नियोजन पत्र दिया गया। इसको लेकर शहर के टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित की गई थी। इसमें विशेष सर्वेक्षण सहायक, बंदोबस्त पदाधिकारी, कानून और अमीन के अलावा लिपि को नियोजन पत्र दिया गया। कार्यक्रम में भागलपुर में जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित कई विधायक शामिल हुए। वहीं, कई नियोजन पत्र पाकर अभ्यर्थियों में खुशी देखी गई। इस दौरान मंत्री ने कहा कि अभी सरकार की तरफ से नौकरी देना शुरू ही हुआ है।

## दावा- शहर में लगाए 96 नए टांसफॉर्मर, नहीं बढाई क्षमता हकीकत-ओवरलोड से रोज घंटों हो रही शहर की बिजली गुल

**भागलपुर।** ट्रांसफार्मर लगाकर ओवरलोड से दिलाएंगे निजात शहर में ओवरलोडिंग की मार झेल रहे ट्रांसफार्मरों के स्थान पर ज्यादा क्षमता वाले ट्रांसफार्मर अब भी नहीं लगाए जा सके हैं। हालांकि बिजली कंपनी के अधिकारी का दावा है कि भागलपुर जिले में 96 ट्रांसफार्मर लाए गए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। शहर के हसनगंजन, मिरजान, बरारी, मोजाहिदपुर, गनीचक, सिकंदरपुर, हुसैनाबाद, सदरउद्दीचक, पंखाटोली, आदमपुर, नाथनगर, परबत्ती, साहेबगंज, अलीगंज, जीरोमाइल, लालूचक भट्टा सहित कई इलाकों में ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। आरडीएसएस परियोजना के सहायक अभियंता रौशन कुमार व अभिनव कुमार ने बताया कि 8 जून 2023 से 278.13 करोड़ से बिजली स्ट्रक्चर में सुधार का काम शुरू हुआ है। तीन साल में केबल, पोल, ट्रांसफार्मर सहित अन्य काम होना हैं। लगभग 600 ट्रांसफार्मर और लगाए जाने हैं। जिसमें 63, 100, 200, 312 केवीए के हैं। शहर में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष एसके नेगी ने 2019 में आदेश दिए थे कि बिजली कंपनी शहर विसर्जन रूट पर जर्जर तार व पोल बदलने के साथ-साथ केबल को अंडरग्राउंड करे। लेकिन लंबे समय के बाद अप्रैल 2024 से विसर्जन रूट पर बिजली पोल व केबल लगाने का काम शुरू हुआ है। परबत्ती चौक से लेकर तातारपुर, स्टेशन चौक, वेरायटी चौक, खलीफाबाग, कोतवाली चौक, नयाबाजार, दीपनगर चौक, आदमपुर, छोटी खंजरपुर, बड़ी खंजरपुर, मुसहरी घाट विसर्जन रूटों पर लगभग 300 पोल लगाए गए हैं। लेकिन वेरायटी चौक के पास पश्चिम की ओर पोल अब तक नहीं लगाए गए हैं।


**आसनसोल–झाझा–आसनसोल मेमू स्पेशल और जसीडीह–पटना जं.–जसीडीह मेमू एक्सप्रेस का अल्प समापन/अल्प आरंभ**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, झाझा–जसीडीह खंड में डाउन मेन लाइन पर **प्रत्येक दिन 3 घंटे (13.30 बजे 16.30 बजे से) ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता 05.07.2024 से 09.07.2024** (शनिवार को छोड़कर) तक होगी। परिणामस्वरूप, ब्लॉक के दिनों के दौरान यानी 05.07.2024 से 09.07.2024 तक शनिवार को छोड़कर निम्नलिखित ट्रेनें अल्प समापन/अल्प आरंभ होंगी, जो निम्नानुसार हैं : • **03675/03676** आसनसोल–झाझा–आसनसोल मेमू स्पेशल जसीडीह में ही समाप्त हो जायेगी/जसीडीह से आरंभ किया जाएगा। • **13207/13208** जसीडीह–पटना जं.–जसीडीह मेमू एक्सप्रेस को झाझा स्टेशन पर/से अल्प रूप में समाप्त किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway Eastern Railway Headquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: एमसी/ईएनएचएम–एचडब्ल्यूएच/30आर/24–26/बीडीसी क्लीनिंग। बिड संख्या: जीईएम/2024/बी/5113868, दिनांक: 02.07.2024,** वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए बिड आमंत्रित की जाती है: **बिड का विवरण (मद कैटेगरी)**: सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; सामान्य सफाई (झाड़ू लगाना, पोंछना, झाड़ना); आउटडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; रगड़ना; आउटडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; सभी प्लेटफार्म पोर्टिको, बुकिंग कार्यालय, पीआरएस प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय कॉरिडोर, स्टेशन के सभी कार्यालय सीढ़ियाँ आरआरआई भवन सह कार्यालय और क्रू लॉबी की प्रतिदिन धुलाई;आउटडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; स्टेशन पर मौजूद पे एंड यूज शौचालयों के अलावा मूत्रालयों और प्रयोगशाला को शुष्क बुहारने और गीली सफाई, प्रत्येक सोमवार को विशेष सफाई की जाएगी..; सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; पीएफ 5 7 पोल नं. 3924 से 3931ए के बीडब्ल्यूएन सिरे की ओर और पीएफ 5 7 पोल नं. 394ए से 3830ए के हावड़ा सिरे की ओर ट्रैक लगभग 7 अदद .. में कूड़ा बीनने का काम; सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; **बीडीसी स्टेशन में प्लेटफार्म एरिया के अंदर सभी ढकी हुई नालियों, अंडरग्राउंड सीवरेज ड्रेन के कचरे की सफाई और हटाना और नामित...में कूड़े का निपटान**, सफाई, स्वच्छता एवं कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; सामान्य रीजेंट अर्थात साबुन सोडा से छह फीट की ऊँचाई तक स्टेशन एरिया बुकिग कार्यालय में पिलर बेस और वॉल क्लैडिंग आदि सहित सभी वाटर बूथों की धुलाई..., सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–स्वास्थ्य देखरेख; घिसाई; इनडोर, सफाई, स्वच्छता एवं कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; स्टेशन परिसरों के सभी कूड़ेदानों की सफाई एवं सफाई के बाद सभी कूड़ेदानों के लिए नए दो रंगों वाले प्लास्टिक बैग नीले हरे रंग की व्यवस्था की जानी चाहिए, कचरे का निपटान...संग्रहण एवं निपटान अपशिष्ट प्रबंधन सेवा–ड्राइवर, क्लीनर, मजदूर एवं ईंधन आदि के साथ पूरी तरह से सुसज्जित उपयुक्त वाहन की आपूर्ति, जो कि वैट स्टेशन कॉलोनी एरिया से लगभग 18 मी3 कचरा प्रतिदिन को लादने और हटाने तथा पृथक करते हुए निपटान करने के लिए है। **बिड का प्रकार** : दो पैकेट बिड। **अनुमानित बिड मूल्य** : रु.1,26,22,723.18, **बिड बंद होने की तारीख/समय**: दिनांक 16.07.2024 को 18.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय**: दिनांक 16.07.2024 को 18.30 बजे। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **कार्यालय का नाम :** हावड़ा मंडल। **अनुबंध अवधि**: 2 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का)**: रु.63 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष** : 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **अनुभव के वर्षों से और टर्नओवर के लिए एमएसई को छूट प्राप्त है**: नहीं। **अनुभव के वर्षों से और टर्नओवर के लिए स्टार्टअप को छूट प्राप्त है**: नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज** : अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 1 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 3 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 4 (एटीसी में अनुरोध किया गया),*यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय** : 2 दिन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज ब्रेकअप आवश्यक है**: हाँ। **ईएमडी का विवरण: एडवाइजरी बैंक**: स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि** : रु.2,13,114/– **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%)** : 5.00, **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने)**: 26

HWH-148/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**
**Tender Ref. No.-05/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 04.07.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction Of Hsc Building At Andharibagh, Block- Pipra, Dist - Palamu | Rs. 56,32,500.00 | 06 Months |
| 2 | Construction Of Hsc Building At Mahuganwa Block-Chainpur, Dist – Palamu | Rs. 56,32,500.00 | 06 Months |
| 3 | Various Tourist Development Work of Sun Temple in Vill Dangwar, Hussainabad, Palamu. | Rs. 54,99,000.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10-07-2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20-07-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 22-07-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- द्वितीय **Call** का पी0आर0 संख्या :–**PR 325465 District(24-25):D**
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders. gov.in पर किया जा सकता है।

**Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.**

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Daltonganj**

PR.NO.328677 Building(24-25):D



**OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, GARHWA**
**Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Garhwa**

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services *(transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water or postal telegraph or telephone service or supply of power light or water to the public by any establishment or system of public conservancy or sanitation or service in hospital or dispensary or insurance services or banking service or education or educational institutions or housing and real estate services)* of filing up the post of Member, PLA of Garhwa.

**Number of Post :** 02
**Entitlement** : Sitting fee of Rs. 2000/- per sitting and Rs. 5000/- conveyance allowance per month.
**Period of appointment :** The Member shall hold office for a term of 05 years or till the age of sixty-five years, whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs. 42/- each)** with the application.
**Last Date of application :** Application addressed to **The Chairman, District Legal Services Authority, Civil Courts, Garhwa** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by 05.08.2024 by 05:00 PM.

**Application for the post of Member, PLA, Garhwa**

**FORMAT**

Photograph

| | |
|---|---|
| Name of Applicant | |
| Fathers Name | |
| DOB and Age | |
| Address with PIN Code | |
| Contract No. | |
| Email address | |
| Educational Qualification *enclose copies of educational qualification* | |
| Experience, Work Profile Certificate, if any *enclose copies of experience certificate* | |
| Whether convicted in any criminal case or any criminal case pending against the candidate (Yes/No) | |

**DECLARATION**

I ____________________ hereby declare that all the contains mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be cancelled.

Date and Place :

Signature of applicant and Mobile No.

Sd/-
Secretary, D.LS..A. Garhwa

PR 328648 Law (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### औरंगाबाद में युवक को सांप ने डंसा :परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, इलाज के बाद डॉक्टर ने रेफर किया

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में बुधवार की रात शौच करने गए एक व्यक्ति को सर्प ने डंस लिया। घायल व्यक्ति की पहचान बिशनपुर गांव के ही लवकुश कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने आनन-फानन में ओबरा में ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों की ओर से प्राथमिक उपचार किया गया। लव-कुश कुमार ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर खेत में शौच करने के लिए गए थे। तभी मेरे दाहिने पैर पर कुछ चुभने का आभास हुआ। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद मोबाइल का लाइट जलाकर देखा तो एक विषैला सांप था। प्राथमिक उपचार कर रहे डॉक्टर ने बताया कि सांप काटने पर लोग झाड़ फूंक के चक्कर में न फंसे, तुरंत जहां सांप ने काटा है, उस जगह को कपड़े से हल्का सा बांध लेना चाहिए। जल्द से जल्द डॉक्टर के पास जाना चाहिए। डेढ़ से दो घंटे में जहर पूरी बॉडी में फैल सकता है। इस अवधि के अंदर ही डॉक्टर के पास जाना जरूरी है। सांप काटने पर व्यक्ति को बेहोशी, सुस्ती या फिर नींद आने लगती है। पलक भारी होने लगते हैं, पेट में दर्द भी हो सकता है। उल्टी और सांस लेने में तकलीफ होने लगे तो समझिए कि सांप ने काट लिया है। अगर यह लक्षण व्यक्ति में नहीं दिखाई दे तो समझिए कि सांप नहीं काटा है।

### ग्रामीण एसपी ने की कांडों की समीक्षा

**दरभंगा/बहेड़ी, एजेंसी।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काम्या मिश्रा ने बुधवार को स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, गुंडा पंजी, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत पंजी, केस डायरी, वारंट, इश्तिहार व कुर्की पंजियों का ग्रामीण एसपी ने अवलोकन किया। अवलोकन के बाद उन्होंने थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व अनुसंधानकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने थाने के विशेष कांडों की समीक्षा अनुसंधानकर्तावार की। समीक्षा के दौरान निष्पादित होने वाले कांडों को भी चिन्हित किया गया। थाने के प्रतिवेदित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा भी की गई। सीसीटीएनएस, थाना सिरिस्ता संबंधित कार्यों को अद्यतन रखने का निर्देश, पंजी संधारण के बिन्दु पर अद्यतन का निर्देश, थाने के कार्यों के बंटवारे के बिन्दु पर सभी शाखा प्रभारी के कार्यों का समीक्षा कर अद्यतन रखने का निर्देश भी ग्रामीण एसपी ने दिया। उन्होंने नियमित पुलिस गश्ती करने व शराबबंदी का सख्ती से अनुपालन करने का भी निर्देश दिया। साथ ही तीन नए आपराधिक कानून के अनुरूप क्रियान्वयन करने पर बल दिया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष दिलीप कुमार, पुलिस पदाधिकारी वरुण कुमार गोस्वामी भी थे।

### भारी वर्षा के आसार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया समेत बिहार के अधिकांश जिलों में भारी से भारी वर्षा होने के पूर्वानुमान है। उक्त आशय की सूचना पूर्वानुमान विभाग द्वारा जारी इंडेक्स के आधार पर कही जा रही है। ऐसा इसलिए कि एक जबरदस्त टर्फ लाइन उत्तर पश्चिम बिहार से असम की ओर गुजर रही है। पूर्वानुमान इंडेक्स के अनुसार 6 जुलाई से वर्षा धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगी। इसके बाद फिर कोई टर्फ लाइन बनेगा और साइक्लोनिक सरकुलेशन का सिस्टम तैयार होगा तब ही मानसूनी वर्षा का तेवर कड़ा हो सकता है। इस बीच पूर्णिया में बुधवार को दिनभर वर्षा होती रही। वर्षा का कुल परिमाण 34 मिलीमीटर मापी गई, जबकि सुबह 8:30 तक 17 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। देर शाम के बाद भी वर्षा का दौर जारी रहा। पूरे शहर में जल जमाव हो गया है और खेतों में पानी इस कदर हो गया है कि किसानों ने धान की रोपनी शुरू कर दी है। खरीफ फसलों में धान की खेती के लिए अब मौसम काफी अनुकूल दिखने लगा है। उधर मखाना के किसानों को भी काफी राहत मिली। ग्रामीण इलाके में दिन रात धान की रोपनी चल रही है। मालूम हो कि लंबे समय से रूठा हुआ मानसून पिछले तीन दिनों से मेहरबान हो गया और तीन दिनों के दौरान लगभग 93 एमएम वर्षा दे गया। बुधवार को पूर्णिया का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। देर शाम सूचना के अनुसार गुरुवार को पूर्णिया समेत पूरे सीमांचल में मौसम विभाग ने मानसूनी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# सीवान-सारण में 24 घंटे में 6 पुल गिरे, उफान पर नदियां

## बिहार के 17 जिलों में हेवी रेन का अलर्ट, सीतामढ़ी-भागलपुर में बाढ़ जैसे हालात







**पटना , एजेंसी।** बिहार में मानसून एक्टिव है। प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं झमाझम बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण बुधवार को सीवान व छपरा जिले में एक ही दिन में एक के बाद एक 6 पुल ढह गए। इनमें चार गंडकी नदी पर तो दो धमही नदी पर बने थे। नदी जोड़ो योजना के तहत इन नदियों की हाल ही में उड़ाही की गई थी। नदी में अधिक गहराई तक मिट्?टी कटाई से पुलों के पाए और उनकी गाइड वॉल की बुनियाद एक्सपोज हो गई थी। नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ते ही ये हादसे हुए। जो पुल गिरे हैं, उनमें एक को छोड़ बाकी सभी 30-40 साल पुराने थे। वहीं नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है बिहार की पांच नदियां लाल निशान के ऊपर बह रही हैं। समस्तीपुर और जहानाबाद में आज सुबह से बारिश हो रही है, वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें 7 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### इन जिलों के लिए अलर्ट जारी

विभाग की ओर से पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, पूर्णिया और कटिहार में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इसके अलावा पटना, भोजपुर, बक्सर, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मधेपुरा, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 5 जुलाई को पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, किशनगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और अररिया के एक या दो जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा 6 और 7 जुलाई के लिए किसी तरह का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### राज्य के ऊपर से गुजर रहा है टर्फ लाइन

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून बिहार के अधिकांश भागों में सक्रिय है। एक टर्फ लाइन उत्तर बिहार से लेकर दक्षिण के हिस्सों से गुजर रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान बिहार के कई जिलों में बारिश होगी।

### पांच नदियां लाल निशान के ऊपर

नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है। वर्तमान समय में राज्य की पांच नदियों का जल स्तर लाल निशान के ऊपर है। इनमें बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान नदी शामिल हैं। जल संसाधन विभाग के अनुमान कोसी, महानंदा और परमान नदी में पानी बढ़ने का है। जबकि, बागमती नदी का जल स्तर मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में खतरे के निशान से 75 सेमी ऊपर है। लेकिन, यहां पानी स्थिर है। वहीं, कमला बलान नदी का जल स्तर मधुबनी जिले के झंझारपुर में खतरे के निशान से 26 सेमी ऊपर है।

# नितिन नबीन ने 244 नवनियुक्त कर्मियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

### बक्सर के प्रभारी मंत्री ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की



**बक्सर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को पटना में नियुक्ति पत्र वितरण किया। वहीं, दूसरी तरफ बक्सर के नगर भवन में समारोह के साथ बक्सर के प्रभारी मंत्री सह नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री नीतीन नबीन ने नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इसको लेकर कर्मियों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### 15 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को मिला नियुक्ति पत्र

बता दें कि बिहार विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त का मुख्य लक्ष्य समस्त भूमि संबंधी सूचनाओं का एकत्र के साथ प्रबंधन करते हुए प्रभावशाली तरीके से इसके सभी उपयोगकर्ताओं को एकीकृत, सरल व प्रभावित तरीके से सेवाएं प्रदान करना है। बक्सर जिलांतर्गत 204 विशेष सर्वेक्षण अमीन, 18 विशेष सर्वेक्षण क्लर्क, 15 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो व 07 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस प्रकार अलग अलग पदों के लिए कल 244 नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। बिहार में विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त अधिनियम 2011 यथा संशोधित 2017 व बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली 2012 और संशोधित 2019 के तहत राज्य के सभी जिलों में विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्य प्रारंभ किया जाना है। उक्त अधिसूचना और नियमावली के आलोक में बक्सर जिला में भी बिहार विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त के सफल संचालन के लिए भू-अभिलेख और परिमाप निदेशालय बिहार पटना ने विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की नियुक्ति की है।

मंत्री नितिन नबीन ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



### वार्ड अटेंडेंट ने भूख हड़ताल की चेतावनी दी :4 महीने से नहीं मिली है सैलरी

**पटना, एजेंसी।** पीएमसीएच में हड़ताल पर गए वार्ड अटेंडेंट ने सरकार पर सवाल उठाया है। निजी कंपनी को टेंडर देने पर हड़तालकर्मियों ने सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए बताया है कि जब इतनी बड़ी ज़िम्मेवारी सरकार उठा सकती है तो निजी कंपनी को क्यों सौंप देती है। शनिवार से भूख हड़ताल करने की भी धमकी दी है।

**निजी कंपनी लेती है पैसा :** हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि चार माह काम कराकर वेतन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है। बिहार सरकार के गजट के लेबल में भी नहीं है वेतन, जो पैसा निजी कंपनी अन्य माध्यमों से लेती है। वो संविदा पर बहाल कर भी कार्य करा सकती है। इससे कार्य मे लगे लोगों को समय पर वेतन तो मिल सके।

**8 हजार में कोई परिवार नहीं चलता है :** हड़ताली कर्मचारियों ने यह भी कहा कि महंगाई के समय मे 8 हजार में कोई परिवार चला सकता है क्या। सिस्टम और प्रबंधन यह बताए कि क्या बड़े अधिकारी को चार महीने तक वेतन रोक दिया जाए तो क्या चुप रहेंगे। पिछले दो वर्ष से यही स्थिति है। कभी चार महीने तो कभी पांच पर वेतन मिलता है। शुक्रवार तक वेतन नहीं मिलता है तो शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

## पुल का साइड दीवार पहली बारिश में गिरा, ग्रामीण आक्रोशित



**वाल्मिकीनगर, एजेंसी।** बगहा के मधुबनी प्रखंड स्थित तमकुहा पंचायत के वार्ड नंबर एक में प्रमुख निधि से बनाए गए ह्यूमन पुलिया का दीवार टूट गया। इसके साथ ही पुलिया में दरार पड़ गया है। दरअसल, दस महीने पहले पांच लाख 76 हजार 660 रुपए की लागत से इस पुलिया का निर्माण किया गया था। पहली ही बरसात में इस पुलिया से जुड़ा हुआ दीवार बह गया। इसके साथ ही पुलिया में दरार पड़ गया है और पुलिया दबने लगा है। इसे लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया बीडीसी ने 15वें वित्त आयोग के तहत बनाया था।

### दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

ग्रामीण मुकेश चौहान, छोटे चौहान, साहब चौहान, गुड्डू चौहान, विजय चौहान आदि ने आरोप लगाया कि छठ घाट पर जाने का रास्ता मजबूत नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिया से जुड़ने वाला पीएससी अप्रोच भी जर्जर हालत में है और कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रखंड स्तर के अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की होती, तो आज यह स्थिति नहीं होती। बिहार में आए दिन पुल टूटने की घटनाओं से लोग काफी आक्रोशित हैं। मधुबनी बीडीओ राजेश भूषण ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। कनीय अभियंता को मौके पर भेज कर जांच कराई जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी ने पुल से सौरा नदी में लगाई छलांग, स्थानीय गोताखोरों ने बचाई जान

### पिता की मौत के बाद से सदमे में है बच्ची



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में बुधवार शाम 18 साल की किशोरी ने कप्तान पूल से सौरा नदी में छलांग लगा दी। नाबालिग के नदी में छलांग लगाते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। किशोरी को डूबता देख वहां खड़े लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। गोताखोरों ने सौरा नदी में छलांग लगाई। कुछ ही मिनटों के भीतर वहां मौजूद कुछ तैराकों ने लड़की को बचा लिया। किशोरी पिता की मौत के बाद से सदमे में है। किशोरी के सौरा नदी में छलांग लगाने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। इतने में ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद किशोरी को इलाज के लिए तस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां लड़की की हालात सामान्य बनी हुई है।

**मानसिक स्थिति ठीक नहीं है :** किशोरी के भाई ने बताया कि कुछ ही साल पहले उनके पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही किशोरी सदमे में रहने लगी। उनके दादाजी का गुलाबबाग मंडी में गद्दी है। इसी से उनका परिवार चलता है। हाल के दिनों से उनकी बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। बहन का इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। देर दोपहर बगैर कुछ बोले घर से निकल गई। कुछ ही घंटे बाद पहचान वाले का कॉल आया और फिर समूचे घटनाक्रम की जानकारी दी गई। जिसके बाद मैं मौके पर पहुंचा और बच्ची को तस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया।

**तरह-तरह की चर्चाएं हो रही :** दूसरी तरफ किशोरी की सौरा नदी में कूदने को लेकर तरह - तरह की बातें सामने आ रही है। कुछ लोगों का कहना है कि किशोरी को प्यार में धोखा मिला, जिसके बाद उसने ये कदम उठाया। तो वहीं कुछ लोगों का कहना है पिता की मौत के बाद से वो सदमे में चली गई। मानसिक स्थिति बिगड़ने के कारण उसने ये कदम उठाया।

# मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी की योजनाओं को मिला एक्सटेंशन



## कार्य एजेंसी को काम में तेजी लाने का निर्देश

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार शरीफ स्मार्ट सिटी का चयन वर्ष 2017 में किया गया था। वर्ष 2018 में विभिन्न योजनाओं पर स्मार्ट सिटी के तहत बिहार शरीफ में कार्य को शुरू किया गया। 5 साल बीत चुके हैं लेकिन अब तक महज 50 फ़ीसदी राशि ही खर्च हो सकी है। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पहले ही दो बार टाइम एक्सटेंशन किया जा चुका है। बिहार शरीफ शहर को स्मार्ट बनाने के लिए 926 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत है। इसमें से अब तक 460 करोड़ ही खर्च हुए हैं जबकि शहर के विकास के लिए 525 करोड़ की राशि मिल चुकी है।

### 30 जून 2024 को समय अवधि खत्म हो चुकी है

30 जून 2024 को समय अवधि खत्म हो चुकी है। एक बार फिर से भारत सरकार ने मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने का मोहलत दिया है। बिहार शरीफ में 131 करोड़ से 22 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। वहीं 738 करोड़ की लागत से 16 योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसमें मुख्यता फिटनेस पार्क, सीवरेज नाला सह सड़क निर्माण जैसी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है।

**ये योजनाएं हो चुकी हैं पूरी :** अब तक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, नालंदा हेल्थ क्लब का जीर्णोद्धार, 12 स्कूलों का जीर्णोद्धार, अस्पताल मोड़ से सोहसराय चौक तक पेवर ब्लॉक, वर्षा जल संचयन चार भावनों पर, श्रम कल्याण मैदान का विकास, टाउन हॉल का सौंदर्य करण, सरकारी भवनों पर 188 किलो वाट का सौर ऊर्जा, रामचंद्रपुर बस स्टैंड में आरसीसी ढलाई, श्रम कल्याण केंद्र के मैदान में योगा पार्क, सुभाष पार्क, गांधी पार्क का विकास।

**फ्लाईओवर का चल रहा निर्माण:** 82 करोड़ की लागत से बना रहा फ्लाईओवर, 57 करोड़ की राशि से बाजार समिति का विकास, 120 करोड़ की राशि से लहेरी से भतु सेठ तक नाला सह रोड का निर्माण, 35 करोड़ से 14 स्कूलों का सौंदर्यीकरण, भारताली में फिटनेस पार्क शहर की दीवारों पर 3ष्ठ पेंटिंग, रामचंद्रपुर बस पड़ाव, रामचंद्रपुर बस पड़ाव से 95 नदी तक ड्रेनेज का निर्माण, सूर्य मंदिर घाट का रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण, धनेश्वर घाट पुस्तकालय, नालंदा महिला कॉलेज का विकास, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज, आदि।

### 2024 तक पूरा करने का समय

स्मार्ट सिटी के सीईओ विनोद कुमार ने बताया कि अधूरे कार्यों को मार्च 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया है। तय समय सीमा में सारी योजनाएं पूरी कर ली जाएगी। निर्माणाधीन कई योजनाएं अंतिम चरण में हैं। अगले कुछ महीनों में वह पूरी कर ली जाएगी। कार्य एजेंसी को कामों में तेजी लाने का आदेश दिया गया है।



# आयुर्वेद में दी जाती है मिट्टी के बर्तन में खाना पकाने की सलाह

मिट्टी के बर्तन में खाने क स्वाद अलग ही आता है। हालांकि अब शहरों में लोगों द्वारा मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल नहीं होता है। मिट्टी के बर्तन में खाने के स्वाद का पता आप कुल्हड़ वाली चाय से लगा सकते हैं। चाय को आप कप में पिएं तो अलग स्वाद आएगा और यदि वही चाय आप कुल्हड़ में पिएंगे तो स्वाद बढ़ जाता है। ऐसे में अगर पूरा खाना ही मिट्टी के बर्तनों में बने तो स्वाद का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। हांडी में खाना बनाने के कई फायदे हैं। आयुर्वेद द्वारा मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने की सलाह दी जाती है।

- अगर आप कम तेल में खाना पकाना चाहते हैं, तो हांडी में खाना पकाना अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी पसंद का खाना इसमें मात्र 1 चम्मच तेल के साथ आराम से पका सकते हैं। ये स्लो कुकिंग प्रोसेस है, जो नैचुरली तेल छोड़ता है। ऐसे में खाना स्वादिष्ट और हेल्दी बनता है।
- मिट्टी प्राकृतिक रूप से क्षारीय प्रकृति की होती है। गर्म होने पर मिट्टी भोजन में मौजूद एसिड के साथ परस्पर क्रिया करती है, ये पीएच स्तर को न्यूट्रलाइज करती है और भोजन को पचाने में आसान बनाती है।
- मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने से सभी न्यूट्रिएंट्स खाने में शामिल हो जाते हैं जो इसके स्वाद को बढ़ा देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि मिट्टी के बर्तन में बने खानमे में कैलशियम, फोस्फोरस, आइरन, मेग्निशियम और सल्फर मिलता है, जो खाने को बहुत हेल्दी बना देता है।
- स्टील और नॉन स्टिक के मुकाबले, मिट्टी की हांडी सस्ती आती है। ये आसानी से किसी भी दुकान पर मिल जाती है। ऐसे में जब आप इन्हें खरीदें, तो अच्छे से चेक करें कि इसमें कहीं कोई छेद या फिर क्रैक तो नहीं है।





# केवल प्रोटीन के लिए ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है मशरूम

**मशरूम एक प्रकार का फंगस है, जो कि खाया जा सकता है। इसका बोटैनिकल नाम अगरिकस बास्पोरस है। यह सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है और वेट लॉस वालों के लिए हाई प्रोटीन डाइट है। यह न सिर्फ फैट-.फ्री होता है, बल्कि लो सोडियम, लो कैलोरी और कोलेस्ट्रॉल फ्री भी है। इसमें प्रोटीन के अलावा फाइबर, विटामिन और मिनरल भी कुछ मात्रा में पाए जाते हैं।**

इसका सेवन कई बीमारियों का खतरा कम करता है और कई बीमारियों को कंट्रोल भी करता है। लो सोडियम होने की वजह से इसका सेवन हार्ट के लिए भी अच्छा है। मशरूम स्वाद में भी स्वादिष्ट भी होते हैं। आमतौर पर इसका इस्तेमाल सब्जी के तौर पर किया जाता है। हालांकि अगर आप चाहें तो मशरूम को डाइट में शामिल करने के लिए आप इसे सलाद, सूप, स्टर-फ्राई, या ग्रिल्ड रूप में खा सकते हैं।

## कई पोषक तत्वों का भंडार है

मशरूम में हाई प्रोटीन, पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट के अलावा कई तरह के विटामिन, सेलेनियम, पोटेशियम और फास्फोरस की मात्रा भी पाई जाती है।

## इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है

मशरूम में बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।जिससे कई बीमारियों के हावी होने का खतरा भी कम होता है।

## वजन घटाने में मददगार है

मशरूम एक हाई प्रोटीन और लो कैलोरी फूड है, इसलिए इसे वेट लॉस के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसमें फाइबर की भी अधिक मात्रा पाई जाती है, जिससे क्रेविंग कंट्रोल होती हैं।

## हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है

मशरूम में ली सोडियम होने के साथ पोटेशियम और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मददगार है।

## कैंसर से बचाव में मददगार है

मशरूम में हाई एंटीऑक्सीडेंट के साथ बीटा-ग्लूकॉन और लेक्टिन जैसे गुण होते हैं, जो कैंसर की कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में मदद करते हैं। इससे कैंसर के होने का रिस्क कम हो जाता है।




# लो कार्ब डाइट कोई जादू की पुड़िया नहीं? उल्टा पड़ सकता है वेट लॉस का ये दांव

**वेट लॉस के दौरान एक सही डाइट लेना बहुत जरूरी है, जिसमें कार्ब्स भी शामिल है। बहुत से लोग कार्ब की मात्रा बिल्कुल कम कर देते है, जो हेल्दी वेट लॉस और सेहत दोनों की दृष्टि से सही नहीं है।**

वेट लॉस के दौरान कई लोगों को कार्ब्स को लेकर मिथ रहता है कि वजन घटाने के लिए कार्ब्स नहीं खाना खाना चाहिए, या अत्यधिक लो कार्ब डाइट लेना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मिक हममें से कितने लोग यह मानते हैं कि फैट घटाने के लिए लो कार्ब डाइट ही बेस्ट है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे पूर्वज, यहां तक कि अभी भी गांवों में रहने वाले लोग, किसान और एथलीट, ये सभी कार्ब्स का सेवन करते हैं और कभी मोटे नहीं होते हैं। शरीर के लिए सही मात्रा में कार्ब्स लेना जरूरी है, तभी आप जल्द वजन घटा पाएंगे। वेट लॉस के दौरान कार्ब की मात्रा थोड़ी से कम कर देना चाहिए, लेकिन बिल्कुल लो कार्ब डाइट में नहीं जाना चाहिए।

## हार्मोनल बैलेंस बिगड़ सकता है

अनावश्यक रूप से कार्ब्स न लेना या उसकी मात्रा सीमित करने से आप अपने शरीर के नेचुरल हार्मोनल बैलेंस को बिगाड़ रहे होते हैं। अगर आपको लगता है कि लो कार्ब या बिना कार्ब वाली डाइट से आप वजन कम कर पाएंगे, तो शायद आप ऐसा कुछ समय के लिए ही कर पाएंगे, डाइटिंग खत्म करने के बाद फिर से आपका वजन बढ़ने लगेगा।

## सही मात्रा में कार्ब्स लें

किसी व्यक्ति के लिए कार्ब्स की मात्रा उसके हाइट, उम्र और वजन के अनुसार तय की जाती है। आपको कितनी कार्ब्स की जरूरत है, यह आप अपने डॉक्टर या फिटनेस ट्रेनर से मिलकर जानें। लेकिन तय किए कार्ब्स की मात्रा को अपने अनुसार कम न करें और न ही एक्स्ट्रा कार्ब लें।

## हेल्दी कार्ब्स लें

कार्ब्स में भी गुड कार्ब्स और बेड कार्ब्स दोनों होते हैं और सेहत के लिए गुड कार्ब्स फायदेमंद होता है। गुड कार्ब्स के लिए आप फल, सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे और सीड्स का सेवन करें। ये सभी फूड्स गुड कार्ब के लिए बेस्ट सोर्स है।

## जरूरी है गुड कार्ब्स

गुड कार्ब्स वाले फूड्स फाइबर का भी सोर्स होते हैं, जो न केवल वजन घटाने में मदद करते है, बल्कि कब्ज और पाचन जैसी समस्याओं में मददगार हैं।

## कार्ब्स क्यों जरूरी है?

रोजाना हमारी डाइट में कार्ब्स की सही मात्रा लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि कार्ब्स आपको ऊर्जा प्रदान करता है। वेट लॉस में एक्सरसाइज के दौरान एनर्जी की जरूरत और भी अधिक बढ़ जाती है। मेटाबॉलिज्म और बॉडी के सभी फंक्शन के कार्यों के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। यदि आप कार्ब्स नहीं खाते हैं, तो आपको हाई इंटेंस वर्कआउट के लिए ऊर्जा कहां से मिलेगी। लेकिन सीमित मात्रा में कार्ब लें।

## बैड कार्ब्स से दूर रहें

बेड कार्ब्स जैसे कि एरेटेड ड्रिंक्स, शुगरी ड्रिंक्स, पेस्ट्री, ब्रेड और कुकीज आदि, इन सभी में रिफाइंड कार्ब्स होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे नहीं हैं। इनमें सभी पोषक तत्व भी नहीं होते हैं। इनके सेवन करने से बचें।



# सर्जरी बिना हार्ट ब्लॉकेज को खोलकर रख देगी ये चीज, स्टेंट की तरह करती है काम

**हार्ट ब्लॉकेज की वजह से ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है। जब नस पूरी तरह से बंद हो जाती है तो हार्ट अटैक आता है। इसके बाद सर्जरी करके हार्ट स्टेंट डाला जाता है। यह स्टेंट नसों को खोलकर रखता है मगर इसके बाद खानपान और भारी भरकम काम करने पर काफी ध्यान रखना पड़ता है। लेकिन अगर आप वक्त पर ब्लॉक नसों को खोलने वाली चीजों का सेवन करें तो इस दिक्कत से बच सकते हैं।**

## नसों में ब्लॉकेज के लक्षण

एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की वजह से आर्टरी ब्लॉक होना आम हो गया है। इसे क्लॉग्ड कोरोनरी आर्टरी कहते हैं। इसकी वजह से सीने में दर्द जो गर्दन, जबड़े, हाथ, कमर में भी महसूस हो; पसीना, सांस फूलना, चक्कर आना, बेहोशी हो सकती है। अगर आपको ऐसी दिक्कतें हल्की-हल्की महसूस होती हैं जो नसें खोलने वाली चीजें खाएं।

## सर्जरी के बिना हार्ट ब्लॉकेज कैसे खोलें?

अगर आपकी नसों में ब्लॉकेज शुरू हुई है तो इसे आयुर्वेदिक दवाओं से कम किया जा सकता है। विकासपीडिया के मुताबिक गुग्गुल कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल की नसों को खोलने में मदद करता है। इसे एथेरोस्क्लेरोसिस और हाइपरलिविडेमिया को कंट्रोल करने वाला बताया गया है।

## गुग्गुल है कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा

विकासपीडिया के मुताबिक गुग्गुल को दवा के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन पहले पक्का कर लें कि यह औषधि शुद्ध है या नहीं। पूरे दिन में इसकी 12-16 ग्राम की मात्रा को बांटकर लिया जा सकता है। यह दवा गुनगुने पानी से 3 महीने तक लेनी है।

## लहसुन उपयोग करने के फायदे

नसों की ब्लॉकेज खोलने के लिए लहसुन का उपयोग भी किया जा सकता है। यह एक औषधि की तरह काम करने वाला फूड है। खाने में इसका इस्तेमाल करने से प्लाक जमने का खतरा कम हो जाता है। साथ ही हार्ट फंक्शन बेहतर बनता है।

## अनार के फायदे

यह फल दिल के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह खून बढ़ाने का काम करता है और हार्ट फंक्शन को सुधारता है। विकासपीडिया के मुताबिक यह दिल की बीमारियों से बचाने वाला फल है। इसका सेवन करने से दूसरे फायदे भी मिलते हैं।

## इन चीजों से बचें

- गर्म, तेल, मसालेदार फूड
- विरुद्ध आहार का सेवन
- बहुत ज्यादा या कम एक्सरसाइज करना
- अत्यधिक तनाव, डर या गुस्से में रहना
- बहुत ज्यादा भूखा रहना
- ज्यादा या वेवक्त खाना
- तंबाकू, शराब का सेवन
- सीने पर चोट



# बारिश में न दिखने वाले जहरीले कीड़ों से भर जाती हैं ये सब्जियां

**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियां भी साथ लाया है। इस मौसम में हवा में ज्यादा नमी होती है जिससे बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं और यही वजह है कि इन दिनों कुछ भी अस्वस्थ खाने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून में पत्तेदार सब्जियां खाने से बचना चाहिए। पालक और लेट्यूस जैसी पत्तेदार सब्जियों में नमी की वजह से बैक्टीरिया और परजीवी आसानी से पैदा हो सकते हैं। साथ ही मानसून के दौरान ज्यादा ह्यूमिडिटी के कारण ये जल्दी खराब हो जाती हैं।**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, मानसून में इन सब्जियों पर कीड़े और अन्य मकोड़े लगने का खतरा ज्यादा होता है। साथ ही नमी वाली जलवायु इनकी सतह पर फफूंद और कवक पैदा कर सकती है।

## बैंगन

मानसून के दौरान बैंगन में कीड़े लगने का अधिक खतरा रहता है। ज्यादा नमी इस सब्जी को जल्दी सड़ा भी सकती है और ये गलने लगती है। इसमें में अल्कलॉइड ज्यादा पाया जाता है जिससे इसका एसिडिक लेवल काफी बढ़ जाता है। इसके सेवन से आपको फूड पॉइजनिंग, उल्टी, खुजली, एलर्जी और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

## भिंडी

एक्सपर्ट के अनुसार, भिंडी नमी वाले मानसून के मौसम में जल्दी चिपचिपी हो जाती है और इस वजह से यह सब्जी खाने में अच्छी नहीं लगती है। ज्यादा नमी के कारण भिंडी के अंदर कीड़े भी लग जाते हैं।

## टमाटर

टमाटर में भी मानसून के दौरान हवा में ज्यादा नमी की वजह से जल्दी फफूंद लगने लगती है और ये सड़ने लग जाते हैं। इनमें फंगल इंफेक्शन होने का भी खतरा ज्यादा होता है। इसके सेवन से कफ दोष बढ़ सकता है।

## ग्रीन बीन्स

ग्रीन बीन्स भले ही सेहतमंद होती हैं और इनमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, लेकिन नमी की वजह से मानसून के मौसम में ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इनमें इस मौसम में आसानी से फफूंद लग सकती है या फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

## गोभी



गोभी, ब्रोकली और ब्रसेल्स स्प्राउट सब्जियों का मानसून के मौसम में कम सेवन किया जाना चाहिए। भले ही ये बहुत पौष्टिक होती हैं, लेकिन इन सब्जियों में गड्ढे और दरारें होती हैं, जिनमें पानी जम सकता है और बैक्टीरिया पनपने का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में इनको अच्छी तरह धोना मुश्किल होता है, जिससे इनमें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है।

## जड़ वाली सब्जियां

गाजर, मूली, और शलगम जैसी जड़ वाली सब्जियां मानसून के दौरान खाने के लिए आम तौर पर सुरक्षित मानी जाती हैं। हालांकि, इस मौसम में मिट्टी में ज्यादा नमी होने के कारण ये सब्जियां ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इन्हें सीमित मात्रा में खाना और अच्छी तरह धोकर रखना चाहिए।

## मशरूम

कई लोगों को खाने में मशरूम बहुत पसंद होता है, लेकिन मानसून में इन्हें कम खाना ही बेहतर होता है। मानसून में ज्यादा नमी और गीली हवा की वजह से मशरूम में जल्दी फफूंद और बैक्टीरिया लगने लगते हैं। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर है या पाचन संबंधी समस्याएं हैं उन्हें खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए। मशरूम पचाने में थोड़े मुश्किल होते हैं और ये मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## यह जीत एक बड़ी उपलब्धि

कहते हैं कि हौसला और सब्र कायम रहे तो हारी हुई बाजी को भी जीत में तब्दील किया जा सकता है। बारबाडोस में टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर जो जीत दर्ज की, वह मौजूदा क्रिकेट की दुनिया की एक बड़ी उपलब्धि तो है ही, मगर इस खिताब को हासिल करने के क्रम में मैदान में जिस तरह का रोमांच पैदा हुआ, उसने भारत के लिए इस जीत को बेहद अहम और यादगार बना दिया। दरअसल, मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने अपने दमखम के जरिए एक दूसरे पर हावी होने की हर स्तर पर कोशिश की।कभी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारी पड़ती दिखी तो कभी भारत की टीम जीत के करीब दिखी। अपनी पारी में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने एक मजबूत चुनौती रखी थी। हालांकि अतीत में दक्षिण अफ्रीका की टीम के प्रदर्शन को देखते हुए इस लक्ष्य को बहुत मुश्किल काम नहीं माना जा रहा था और एक समय वह जीत के बेहद करीब पहुंच भी गई थी, मगर अंतिम पांच ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी।यों बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तक के मामले में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के आखिरी दौर में भारत ने मैदान में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर पूरा जोर लगा दिया और एक तरह से हाथ से छूटती बाजी को दक्षिण अफ्रीका से आखिरकार छीन लिया। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीस ओवरों के मैच में पंद्रह ओवर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने जैसी पकड़ बना रखी थी, उसमें उसे रोक पाना एक मुश्किल चुनौती थी।मगर यह कहा जा सकता है कि इस मैच के आखिरी ओवरों में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के मामले में जैसा प्रदर्शन किया, उसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदों से एक ओर विपक्षी टीम के हाथ बांध दिए, दूसरी ओर उनके मजबूत खिलाड़ियों को मैदान बाहर भी भेज दिया। इसमें हार्दिक की गेंद पर मिलर के छक्का मारने की कोशिश को सीमा रेखा पर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह शानदार और यादगार कैच पकड़ कर रोका, उसने मैच की बाजी पलट दी।गौरतलब है कि टी-20 में यह दूसरा मौका है, जब भारत ने खिताबी जीत हासिल की है और जाहिर है इसके साथ ही एक तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय दावेदारी एक बार फिर पुष्ट हुई है।

## बारिश का एक दुख

पहली बारिश में ही दिल्ली का जो हाल हुआ है, वह न केवल चिंताजनक, बल्कि दुखद भी है। जगह-जगह जाम, जल भराव, पेड़ों का गिरना अपनी जगह बहुत गंभीर है, पर सबसे सनसनीखेज घटना नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर घटी है। शुक्रवार को भारी बारिश के बीच छत का एक हिस्सा वाहनों पर आ गिरा, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। जब हादसा हुआ, तब बारिश हो रही थी, सुबह करीब 5.30 का समय था, हादसा अकल्पनीय था। बीते मार्च में ही नई दिल्ली के सबसे बड़े हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 का विस्तार किया गया है। इसका विस्तार करने-कराने वालों ने सुंदरता का तो ध्यान रखा, मगर मजबूती सुनिश्चित करना शायद वे भूल गए। इस टर्मिनल से लाखों लोग यात्रा करते हैं, पर रखरखाव में ऐसी लापरवाही अक्षम्य मानी जाए, तो ही न्याय है। एक बार सोचकर जरूर देखना चाहिए कि दुनिया में क्या संदेश गया है? क्या भारत अपने एक सबसे महत्वपूर्ण हवाई अड्डे को भी ढंग से नहीं रख पा रहा है? राजधानी दिल्ली में एयरपोर्ट पर जब यह हाल है, तो बाकी जगहों पर आम लोगों की सुरक्षा को लेकर न जाने कितने सवाल खड़े किए जा सकते हैं? न जाने कितने ऐसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे देश में होंगे, जिन्हें सिर्फ रंग-रोगन करके चमकाया गया होगा? जिम्मेदार अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए, उनकी लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है? कहीं भवन ढह रहे हैं, तो कहीं पुल गिर रहे हैं, तो कहीं सड़कों पर दरारें पड़ रही हैं? खूब लंबे-चौड़े राष्ट्रीय राजमार्ग बनाना जरूरी है, पर शहरों के अंदर की सड़कों का रखरखाव कौन करेगा? दिल्ली में केवल दो घंटे की बारिश के बाद अंडरपास और अंडर ब्रिज में पानी भर जाना क्या हमारी अक्षम नौकरशाही की ओर इशारा नहीं है? नौकरशाहों को भला कैसे निर्दोष मान लिया जाए और अगर उन्हें निर्दोष मान लिया जाए, तो फिर दोषी कौन है? यह शर्मनाक बात है कि राष्ट्रीय राजधानी में स्थित मिंटो ब्रिज दशकों से लोगों को रुलाता आ रहा है, वहां से तमाम नेताओं, अफसरों, रसूखदारों की गाड़ियां गुजरती हैं, पर क्या मजाल कि मिंटो ब्रिज इलाके में पानी न भरे? देश में ऐसे न जाने कितने स्थान हैं, जिनके बारे में यह मान लिया गया है।

# सैलानियों का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश

(उमेश चतुर्वेदी)

*राज्य के इको, स्पिरिचुअल और हैरिटेज तीनों तरह के पर्यटन को एक साथ जिस तरह विकसित किया जा रहा है, एक जनपद, एक उत्पाद को जिस तरह बढ़ावा दिया जा रहा है, अगर ईमानदारी पूर्वक इन योजनाओं पर काम हो, पूरे सूबे में सैलानियों की बाढ़ और बढ़ेगी। हर आने वाला सैलानी जब यूपी आएगा तो यूपी को कुछ देकर ही जाएगा। यूपी की आर्थिकी को नई गति देगा। घनी जनसंख्या वाले राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी देगा।*

दुनिया में जहां भी पर्यटन ज्यादा है, वहां सबसे ज्यादा सैलानी सैर-सपाटे के लिए आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश आने वाले ज्यादातर पर्यटक आध्यात्मिक पर्यटन के लिए आए थे। साल 2023 में अकेल काशी आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। देश का दिल है उत्तर प्रदेश। भगवान राम और कान्हा की जन्मस्थली इसी प्रदेश में हैं। बाबा भोलेनाथ की नगरी, तीन लोकों में न्यारी काशी नगरी भी इसी प्रदेश में है। नाथ संप्रदाय के प्रमुख गुरू गोरखनाथ की नगरी भी इसी प्रदेश में है। अट्ठासी हजार ऋषियों ने जिस नैमिषारण्य में बैठकर देवताओं में श्रेष्ठ कौन है, जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर विचार किया था, वह तीर्थस्थल भी इसी प्रदेश में है। और तो और, तीर्थों का तीर्थ प्रयागराज भी उत्तर प्रदेश में ही है। भगवान बुद्ध ने जिस सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था, वह भी यहीं है। जिस कुशीनगर में उन्होंने निर्वाण लिया, वह भी यहीं है। तीर्थ स्थलों की जहां भरमार हो, वहां सैलानी और तीर्थयात्री ना आएं, तो अचम्भा ही माना जाएगा। ऐसा अचम्भा यहां होता रहा है। लेकिन सात साल के योगी शासन में यहां की स्थिति ऐसी बदली कि अब यहां तीर्थयात्रियों की भरमार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से वाराणसी में विकसित काशी विश्वनाथ कोरीडोर के बाद तो वाराणसी भी पर्यटन और तीर्थ के मानचित्र में नए सिरे से उभर आया है। यही वजह है कि यहां सैलानियों की बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके अनुसार पिछले साल राज्य में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या राज्य की कुल आबादी की दोगुनी से दो करोड़ ज्यादा है। दुनिया में जहां भी पर्यटन ज्यादा है, वहां सबसे ज्यादा सैलानी सैर-सपाटे के लिए आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश आने वाले ज्यादातर पर्यटक आध्यात्मिक पर्यटन के लिए आए थे। साल 2023 में अकेल काशी आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। जबकि मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से ज्यादा पर्यटक पिछले साल आए। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम के विराजमान होने के बाद यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो लाख पर्यटक आ रहे हैं। इन तथ्यों से राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्साहित होना स्वाभाविक है। तीर्थयात्रियों और आम सैलानियों में एक अंतर होता है। आम सैलानियों की तुलना में तीर्थयात्री प्रकृति और ईश्वर के प्रति अलग तरह की आस्था रखते हैं। शायद यही वजह है कि अब योगी सरकार राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं में राज्य का भविष्य देखने लगी है। ऐसी संभावनाओं वाले तीर्थस्थलों में सबसे ज्यादा लखनऊ के नजदीक हैं। जिनमें नैमिषारण्य और चित्रकूट हैं। इसी तरह शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी आध्यात्मिक तीर्थाटन की संभावनाएं ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में मानव सृष्टि और जीव सृष्टि के उद्गम स्थल के भी प्रमाण मिलते हैं। सोनभद्र के फासिल्स पार्क की आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल यहां मिलेंगे। यहां का करीब 15 हजार वर्ग किमी का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र के बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर और पीलीभीत में वन सुरक्षित हैं। इन वनों में भी घूमने वालों का अब तांता लगा रहता है। इसी तरह चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले टूरिस्टों की भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व को का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए उनके प्रति आकर्षण बढ़ाने की राज्य की ओर से कोशिश तेज की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों का मनोरंजन हो, उनका ज्ञान बढ़े, अतीत व इतिहास के साथ उन्हें जुड़ने का अवसर प्राप्त हो, इस दिशा में भी काम किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया जा चुका है। इस दिशा में काम को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बनाया जा रहा है। इसके पहले लगभग विलुप्त हो चुकी कुकरैल नदी को जीवित करने की तैयारी है। कभी कुकरैल गोमती की सहायक नदी थी। कुकरैल नदी को लोगों ने कब्जा करके नाला बनाकर रख दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस पर हुए आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटा जा चुका है। इसका असर दिख रहा है कि जब गर्मी में जल स्रोत सूख रहे थे, तब कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। ध्यान रखना चाहिए कि जब सैलानी आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग-अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं और प्रकृति को देखकर खुद को समझ रहे हैं। तीर्थयात्रियों और सैलानियों को लुभाने के लिए तीर्थस्थलों और पर्यटन केंद्रों की कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश हो रही है। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने की तैयारी है। पिछले साल यहां के लिए होलीडे ट्रेन चलाई गई थी। इसके साथ ही जगह-जगह स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की तैयारी है। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा और तीर्थयात्रियों और सैलानियों का ज्ञानवर्धन भी होगा। पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में भी मददगार हो सकता है। इसे देखते हुए राज्य के हैरिटेज टूरिज्म स्थलों मसलन बुंदेलखंड के किलों या जहां-तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों का ना सिर्फ विकास हो रहा है तो कहीं- कहीं उन्हें होटल या पर्यटन केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है या उनका विकास किया जा रहा है। सैलानियों की सहूलियत और स्थानीय लोगों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिहाज से काशी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन में स्प्रिचुअल दृष्टि से होम स्टे की व्यवस्था करने की तैयारी है। बांदा के कलिंजर, जालौन व बस्ती में ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। पीलीभीत, खीरी, बहराइच, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट समेत कई दूसरे जनपदों में भी ऐसी संभावना मूर्त रूप ले सकती है।

## टीम इंडिया ने खत्म किया 17 साल का सूखा, टी-20 से विराट, रोहित और जडेजा ने लिया संन्यास

(आदर्श प्रकाश सिंह)

इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाड़ियों ने टी-20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है। भारत की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टी-20 विश्व कप में 17 साल का सूखा खत्म हुआ। क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप में हम अब विश्व चैम्पियन हैं। पूरी टीम एकजुट होकर खेली और देश को जश्न मनाने का मौका दे दिया। 29 जून की रात सात समुंदर पार बारबाडोस में हमारी टीम ने इतिहास रचा और इधर भारत के शहरों में दिवाली मन गई। कितना उत्साह और उल्लास था, देशवासियों ने यह सब अपने टीवी के पर्दे पर अवश्य देखा होगा। खास बात यह कि पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अजेय रहते हुए विश्व कप अपने नाम कर लिया। इस दौरान हमारे खिलाड़ियों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मानमर्दन किया। और जब फाइनल में हमारे सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम थी तो उसके जबड़े से हारता हुआ मैच छीन लिया। सच में 15वें ओवर तक जो स्थित थी उसके अनुसार मैच पर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत पकड़ बन चुकी थी। मगर, किस्मत उस दिन भारत के साथ थी। लाखों करोड़ों खेल प्रेमियों की दुआएं टीम इंडिया के साथ थी। लिहाजा 16वें ओवर में मैच ऐसा पलटा कि भारत की झोली में आ गिरा। आखिरी ओवर में सूर्य कुमार द्वारा सीमा रेखा पर लपका गया कैच तो कोई भूल नहीं पाएगा। यदि मिलर का वह कैच नहीं पकड़ा गया होता तो भारत का जीतना मुश्किल था। लेकिन कहते हैं न कि किस्मत बहादुरों का साथ देती है तो उस दिन ऐसा ही हुआ। हम सबको अपनी टीम पर गर्व है। यह जीत लंबे अर्से बाद हासिल हुई है। आईसीसी का कोई टूर्नामेंट भारत ने 2013 में जीता था। तब चैम्पियंस ट्राफी में हमें जीत मिली थी। इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाड़ियों ने टी?20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है। यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ये तीनों 35 से 40 साल के उम्र के बीच में हैं। अतः संन्यास लेने के लिए यही उचित समय भी है। युवा खिलाड़ी बाहर बैठ कर मौके का इंतजार कर रहे हैं। आप देखिए कि यशस्वी जायसवाल को टीम में चुना गया था लेकिन कोई मैच नहीं खेल पाए। लेग स्पिनर यजुवेंद्र चहल पिछले विश्व कप 2022 और इस विश्व कप में टीम के साथ थे लेकिन अंतिम एकादश में चयन नहीं हो सका। यही हाल विकेटकीपर संजू सैमसन का रहा। वह बिना कोई मैच खेले टीम के साथ वापस आएंगे। इसलिए इन तीनों सीनियर खिलाड़ियों ने जो निर्णय किया है वह देशहित में है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। फिर विराट कोहली ने तो कहा भी है कि मैं युवाओं को मौका देने के लिए ही टी?20 से संन्यास ले रहा हूं। कोहली पूरे विश्व कप में रन नहीं बना सके लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने 76 रनों की पारी खेल कर अपना सम्मान बचा लिया। उनसे पारी का आगाज कराने का प्रयोग सफल नहीं रहा। आईपीएल में विराट ने बेंगलुरू टीम से खेलते हुए सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी और कामयाब भी रहे थे। पर, विश्व कप में वह विफल रहे। दो बार तो शून्य पर आउट हुए। खैर, अब वनडे और टेस्ट मैच में वह खेलते दिखेंगे। उन्हें सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ना है। इसकी उम्मीद हम सभी को है। रोहित शर्मा ने 2007 के टी-20 विश्व कप से अपने कॅरियर का आगाज किया था। वह इस प्रारूप का पहला विश्व कप था जिसे महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने जीता था। उसके बाद से भारत विजय के लिए तरस रहा था। आखिर 17 साल बाद देशवासियों की मुराद 2024 में पूरी हुई। हिटमैन कहे जाने वाले रोहित सभी विश्व कप में खेले और संयोग देखिए कि अपनी कप्तानी में उन्होंने भारत को खिताबी जीत दिला दी। टी-20 से संन्यास के बाद उनका ध्यान निश्चित रूप से वनडे और टेस्ट मैच पर रहेगा।विश्व कप में स्पिनर रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। वह केवल एक विकेट ले पाए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5421

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र.5420

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
बृहस्पति का अशुभ योग होने से थोड़ा तनाव रहेगा। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। कार्यस्थल पर धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे।

### वृष
जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के चलते पारिवारिक उपेक्षा न करें। किसी भी विवाद में उलझना ठीक नहीं। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। विरोधी परास्त होंगे।

### कर्क
आज आपके द्वारा प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। मिथुन का चन्द्रमा निकट व दूर की सकारणीय यात्रा का प्रसंग प्रबल करेगा।

### सिंह
आज पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव व वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे।

### कन्या
आज गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

### तुला
आज आपके पराक्रम की वृद्धि होगी। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

### वृश्चिक
आज आपकी राशि से प्रथम केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। अतः आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

### मकर
आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें।

### कुंभ
आज पुराने रोग ऋष्टा से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। रोजगार में सफलता मिलेगी।

### धनु
आज गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में धैर्य रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

### मीन
आज विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। नई नौकरी मिल सकती है। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव।

## वर्ग पहेली 5421



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1919 को इस देश ने खुद को ब्रिटेन से आजाद घोषित किया (6)
7. घर्षण करना, रगड़ना, धीरे-धीरे घिसना (3)
8. वर देने वाला, वर दायक (4)
9. सर्वसाधारण, जनता (2)
10. प्रकार, जेवर, गहना (3)
11. अंधेरा, अंधकार, कालिख, कालिमा (2)
12. प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन इस नाम से भी जाने जाते थे, पांचवा (3)
14. पश्चिमी अफ्रिका के घाना देश की राजधानी (3)
16. संगी, मित्र, सखा, दोस्त (2)
17. गले से नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
18. सार, जगत का मूल कारण, एलिमेंट (2)
19. अप्राप्त, जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ, मुश्किल (3)
20. हलफ, सौगंध, कसम (3)
21. मुनाफा, फायदा, हित, मिलना, प्राप्ति (2)

**ऊपर से नीचे**
1. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
2. परिणाम उत्पन्न करना, फलना (3)
3. गीत प्रस्तुत करना, स्तुति करना (2)
4. स्तुति करने वाला, स्तुति वादक (3)
5. नरम दिल का व्यक्ति (5)
6. आय-व्यय एवं लेन-देन आदि का लेखा, अनाज रखने का गड्डा (2)
10. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद, एक प्रकार की विलायती मदिरा (2)
11. गीत, नगमा (3)
13. बड़े होने का भाव, गुरूता, अधिक परिणाम जनक (3)
15. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
16. वाराणसी के समीप (करीब 6 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित बौद्धों का एक तीर्थस्थल, सारंगनाथ)(4)
18. जाकिर हुसैन नाम इस वाद्य के साथ जड़ा है (3)

### वर्ग पहेली 5420 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हं | ग | री | | पा | र | स | |
| स | म | ता | पा | र्टी | | वा | दा |
| | | फा | ल | | ज | ल | द |
| न | | रि | | रा | ह | ज | नी |
| फ | रि | या | द | | र | वा | |
| र | त | | रि | द | | ब | ल |
| त | ना | व | दा | र | | | गा |
| | | ह | | मा | ल | दी | व |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### कोल्हान यूनिवर्सिटी के 39 नीड बेस्ड टीचर शिक्षण कार्य से हटाये गये,

**चाईबासा, एजेंसी।** कोल्हान विश्वविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था पर स्थापना काल से सवाल उठते रहे हैं. कॉलेजों व स्नातकोत्तर (पीजी) के विभागों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अलग-अलग विषयों के नीड बेस्ड 143 शिक्षकों को रखा गया. अब 39 शिक्षकों के शिक्षण कार्य पर रोक लगा दी गयी है. नीड बेस्ड शिक्षकों का वेतनमान पर पिछले चार माह से रोक लगी है. जांच प्रक्रिया के बाद वेतन भुगतान की संभावना कोल्हान विवि के सूत्रों ने जतायी है. उचित कागजात के अभाव में शिक्षण के लिए निर्धारित मानक को पूरा नहीं करने की वजह से 15 कॉलेजों समेत पीजी विभाग के 39 शिक्षकों को शिक्षण कार्य से हटा दिया गया है. कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन ने जिन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से मुक्त किया है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए संबंधित कॉलेज व विभाग के माध्यम से नोटिस की गयी है. शिक्षकों से प्राप्त स्पष्टीकरण को आगे की कार्रवाई के लिए राजभवन भेजी जायेगी. आगे की कार्रवाई राजभवन के निर्देशानुसार होगी. सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कई शिक्षक रांची जाकर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं.

### आर्म्स एक्ट मामले में अखिलेश गिरोह के पांच आरोपी बरी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आर्म्स एक्ट के आरोप से अखिलेश सिंह गिरोह के पांच लोगों को बरी कर दिया गया। मामला सिदगोड़ा थाना का है। घटना 18 सितम्बर 2008 की है। विद्या पतिनगर में शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू के घर में पुलिस ने छापेमारी की थी और वहां से एक आर्म्स और गोली बरामद दिखाया था। मामले में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनका नाम शैलेन्द्र प्रसाद सिंह उर्फ सोनू, आनंद सिंह उर्फ अन्नू, नीरज कुमार सिंह, पंकज शुक्ला, मिथुन बनर्जी था। इसमें छह गवाही हुई थी। मामले में साक्ष्य के आभाव में एडीजे 4 की अदालत ने सभी को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विद्या सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस ने हथियार के कारगर होने की बैलेस्टिक रिपोर्ट अदालत में नहीं पेश की थी। एफआईआर में बरामद गोली प्वाइंट 305 की बतायी गयी थी, लेकिन सीजर में प्वाइंट 315 बताया गया। इसके साथ ही जो गवाह को सीजर में पेश किया गया था उसने कहा था कि उसे थाना प्रभारी ने बुलाया और उसका नाम दे दिया। उसके सामने किसी भी तरह से कोई जब्ती सूची नहीं बनी। इसी का लाभ आरोपियों को मिला और 13 साल बाद मामले से आरोपियों को बरी कर दिया गया।

### मझगांव -9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की होगी जांच

**चाईबासा/मझगांव, एजेंसी।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगांव में शिशु सुरक्षा व पोषण माह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सनातन चातार ने की। प्रशिक्षण में सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू, बीडीटी, साहिया उपस्थित थीं। मौके पर डॉक्टर सनातन चटर ने बताया कि 27 जून से 27 जुलाई तक शिशु सुरक्षा व पोषण माह चलेगा। इसमें 9 माह से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन की दवा दी जाएगी। 6 माह से 3 वर्ष तक के सभी बच्चों की ऊंचाई व वजन लिया जाएगा और कुपोषित बच्चों को चिह्नित कुपोषण उपचार केंद्र भेजा जाएगा। गर्भवती महिला और धात्री महिलाओं को आईएफए गोली व 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आईएफए की सिरीप दी जाएगी। बच्चों के जन्म के बाद मां द्वारा किस तरीके की सावधानियां बरतनी है और बच्चे की देखभाल कैसे करनी है इससे संबंध में कई जानकारी दी गई। शिशु को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए कब-कब टीका लगाना है इसे बताया गया।

### इनर व्हील क्लब के सदस्यों में चलाया जागरूकता अभियान

चाईबासा, एजेंसी। वन महोत्सव के अवसर पर महिला कॉलेज चाईबासा में बीएड एनएसएस यूनिट की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। वन महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं का विषय वनीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण रखा गया है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पित सुमन ने कहा सप्ताह भर छात्राओं को अपनी सृजनात्मकता को प्रकट करने का अवसर दिया जाएगा। छात्राएँ पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण और निबंध प्रतियोगिता के द्वारा अपने अंदर छुपी प्रतिभा और पर्यावरण के प्रति अपनी चिंतन को प्रस्तुत कर पाएंगी। पौधारोपण भी किया जाएगा और अंत में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# हेमंत सोरेन के लिए फ्लोर टेस्ट आसान या मुश्किल, क्या है बहुमत का गणित, क्रॉस वोटिंग पर नजर



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के इस्तीफा के बाद हेमंत सोरेन महागठबंधन विधायक दल के नेता चुने गये। उन्होंने राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। सरकार बनने के बाद झारखंड विधानसभा में विश्वास मत साबित करना होगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार के लिए फ्लोर टेस्ट आसान होगा। झारखंड विधानसभा में अभी 76 सदस्य हैं और बहुतम साबित करने किए 39 मतों की आवश्यकता होगी। दलगत स्थिति में झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास बहुमत से बहुत ज्यादा वोट हैं।

झारखंड के चार विधायकों के सांसद बनने, विधायक सीता सोरेन के इस्तीफे और कल्पना सोरेन के विधायक बनने के बाद झारखंड विधानसभा का समीकरण बदल चुका है। झारखंड विधानसभा की 81 में से अब पांच क्षेत्र जामा, शिकारीपाड़ा, बाघमारा, हजारीबाग, मनोहरपुर सीट खाली हो गई है। अब दलीय स्थिति को देखें तो वर्तमान में विधानसभा में कल्पना सोरेन को शामिल कर झामुमो के 27, बाबूलाल मरांडी को शामिल कर भाजपा के 24, प्रदीप यादव को जोड़ कर कांग्रेस के 17, आजसू के तीन, राजद के एक, भाकपा माले के एक, एनसीपी के एक और निर्दलीय दो सदस्य हैं।

**व्हीप जारी कर सकती हैं पार्टियां :** बहुमत साबित करने के दौरान वोटिंग करने के लिए राजनीतिक दल व्हीप जारी कर सकते हैं। पार्टी जिस दल के पक्ष में वोटिंग का व्हीप जारी करेगी, अगर उसके विधायक इसके खिलाफ गये तो उनकी सदस्यता खत्म की जा सकेगी। ऐसे में भाजपा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में शामिल होकर लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन पर विशेष नजर रहेगी। वहीं, झामुमो से बागी बन लोकसभा चुनाव लड़ने वाले लोबिन हेम्ब्रोम और चमरा लिंडा किस ओर मतदान करते हैं, यह भी देखना होगा। वहीं, कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम को भी जेल से फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति लेनी होगी।

## इस्तीफा लिए जाने से नाखुश हैं चंपाई सोरेन! चर्चा के बीच हो गए थे भावुक

रांची, एजेंसी। चंपाई सोरेन ने झारखंड के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि वह इस फैसले से नाखुश हैं। इस्तीफे पर चर्चा के दौरान वह भावुक भी हो गए थे। दरअसल, इस्तीफे से एक दिन पहले चंपाई नाराज बताए गए। दो जुलाई को उन्होंने अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए थे। पीजीटी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने, दुमका में परिसंपत्तियों के वितरण जैसे प्रमुख कार्यक्रम रद्द किए गए थे। मंगलवार की दोपहर हेमंत सोरेन खुद चंपाई सोरेन के मोरहाबादी आवास पहुंचे थे। तकरीबन 20 मिनट तक उन्होंने बात की थी।



बताया जा रहा है कि हेमंत सोरेन नाराज चंपाई को मनाने पहुंचे थे। मंगलवार रात पार्टी की तरफ से मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी चंपाई सोरेन के आवास पहुंचे थे। बुधवार को चंपाई इंडिया गठबंधन की बैठक के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे, वहां इस्तीफे पर चर्चा हुई, इस दौरान वह भावुक भी हो गए थे।

हेमंत सोरेन झारखंड में इंडिया गठबंधन के सर्वमान्य नेता हैं। जेल जाने की वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। लेकिन पार्टी से लेकर सहयोगी दलों में उनके नाम पर कोई विवाद नहीं था। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद राज्य भर में यह नैरेटिव बनी है कि एजेंसियों के दुरुपयोग के कारण उन्हें जेल भेजा गया था। विधानसभा चुनाव के पहले बतौर सीएम अपने कार्यों को उपलब्धि के तौर पर गिनाने का मौका हेमंत सोरेन को मिल पाएगा। हेमंत सोरेन विधानसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन का चेहरा होंगे, यह भी वजह रही कि चुनाव पूर्व उन्हें फिर से पदस्थापित किया गया।

इससे पहले मुख्यमंत्री आवास आने वाले कुछ विधायकों ने मीडियाकर्मियों से बातचीत भी की। किसी भी विधायक ने इस बात को तो नहीं नकारा कि नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन अधिकारिक रूप से सभी यह कहने से बचते रहे। सभी का यही कहना था कि बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी और विधायकों के पांच साल के कामकाज को लेकर बातचीत होगी।

## 30 साल से हो रही कवायद
# फिर भी नहीं सुधरी यातायात व्यवस्था

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में 30 साल से यातायात व्यवस्था सुधारने की कवायद हो रही है, पर आज भी स्थिति नहीं सुधरी। शहर में टेंपो आवाजाही का मुख्य साधन तो है ही, जाम और अव्यवस्था का कारण भी है। इसकी मुख्य वजह यह है कि अधिकांश जगहों पर टेम्पो की पार्किंग सड़क पर है। व्यवस्थित पार्किंग साकची में बारीडीह व कदमा, जबकि तीसरा स्टेशन पर ही है। बाकी जगहों पर सड़क किनारे से ही टेम्पो पैसेंजर उठा रहे हैं फिर भी उनसे 15 रुपये प्रतिदिन की दर से शुल्क की वसूली की जा रही है। अगर एक दिन का हिसाब लगाया जाए तो 30 हजार टेम्पो से साढ़े चार लाख रुपये प्रतिदिन की उगाही होती है। सड़क पर स्टैंड बनाने की वजह से आम वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है और जाम लगता है। इस बात को साकची गोलचक्कर के चारों ओर देखकर आसानी से समझा जा सकता है।

30 वर्ष से इस अव्यवस्थित पार्किंग को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि आजतक सफलता नहीं मिल सकी। 20 अक्तूबर 1994 को तत्कालीन एसपी डॉ. अजय कुमार के समय भी इस मसले पर महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। तब टिस्को टाउन डिवीजन के अधिकारियों और पुलिस अफसरों ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव तैयार किया था। उस वक्त पलंग मार्केट के पास ऑटो स्टैंड बनाने प्रस्ताव तैयार हुआ था। तब लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करने और स्कूली बच्चों को नियमों से वाकिफ कराने को लेकर लंबी-चौड़ी कवायद हुई थी। जगह-जगह पार्किंग स्थल चिह्नित किए गए थे। हालांकि समय बीतने के साथ शहर में वाहनों की संख्या और टेम्पो बढ़ते गए। यह संख्या बढ़ते-बढ़ते करीब 30 हजार पहुंच गई है। परिवहन विभाग हालांकि इतनी संख्या नहीं मानता, परंतु उसके पास इस बात का भी कोई आंकड़ा नहीं है कि चल रहे टेम्पो कितने साल पुराने हैं। पुराने डीजल टेम्पो प्रदूषण के बड़े वाहक हैं। परंतु उनकी संख्या अब भी सर्वाधिक है।

## रांची में स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**रांची, एजेंसी।** रांची के सिल्ली थाना क्षेत्र के मुरहू जंगल के पास स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को स्कूल से छुट्टी के बाद लगभग दो बजे छात्रा साइकिल से घर लौट रही थी। उसी दौरान बड़ाचांगरू निवासी देवराज महतो ने बाइक से पीछा कर खमार टीकरा के पास छात्रा को रोककर मुरहू जंगल ले गया वहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

जंगल में छात्रा द्वारा शोर मचाये जाने पर मवेशी चरा रहे कुछ चरवाहे वहां पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख आरोपी भाग निकला। वह अपने दोस्त रवि लोहरा के घर में छिप गया। इस बीच ग्रामीणों ने उसकी बाइक अपने कब्जे में ले ली। इसके बाद लोग उसके दोस्त के घर जाकर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मंगलवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने छात्रा को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं एक दूसरे मामले में हजारीबाग के बरकट्ठा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची के साथ बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने के प्रयास को लेकर मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत थाना में मामला दर्ज किया गया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गांव के ही एक युवक समीर अंसारी पिता जुबेर अंसारी उर्फ आजाद अंसारी ने रात में बच्ची को जबरन उठाकर घर के पीछे झाड़ी तरफ ले गया।

# कोल इंडिया के 58736 आवासों पर बाहरियों का कब्जा तो 14575 पर कंपनी के रिटायर कर्मियों का

**धनबाद, एजेंसी।** कोल इंडिया व अनुषंगी कोल कंपनियों के 58736 आवासों पर गैरकर्मियों यानी बाहरी लोगों का कब्जा है. जबकि 14575 आवासों पर रिटायर कोल कर्मचारियों ने कब्जा कर लिया है. यह खुलासा कंपनी की एक रिपोर्ट में हुआ है. कोल इंडिया से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक अवैध कब्जा कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के आवासों पर है. इसमें 19591 आवासों पर गैर कर्मी व 2618 आवासों पर रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है. वहीं बीसीसीएल के 8403 आवासों पर सिर्फ बाहरी लोगों का कब्जा है.




रिपोर्ट में बीसीसीएल के आवासों पर कितने रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है, इसका जिक्र नहीं है. जबकि जानकार बताते हैं कि बीसीसीएल में रिटायर कर्मियों द्वारा कब्जा किए आवासों की तादाद अच्छी खासी है. इसीएल के करीब 15498 आवासों पर बाहरी व 1504 आवासों पर रिटायर कोल कर्मियों का कब्जा है. इसी तरह एमसीएल में बाहरी लोगों का 1384 व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 287, एनसीएल में बाहरी का 160 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 130, एसइसीएल में बाहरी का 9056 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 4162, सीएमपीडीआई में बाहरी का 11 व एनइसी के 17 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है.

कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता की बात करे तो कंपनी के एक भी आवास पर किसी का कोई कब्जा नहीं है. कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक कोल कंपनियों ने आधिकारिक रूप से अन्य को कुल 8349 आवास आवंटित किये हैं. बता दें कि लंबे समय से रिटायर्ड कोल कर्मियों को कोल कंपनियों से सरप्लस आवास लीज या किराए पर देने की मांग होती रहती है. इस आलोक में कोल इंडिया प्रबंधन ने एक समिति बनायी है. इसकी बैठक पिछले महीने हुई थी. इसमें प्रबंधन द्वारा पेश किये गये आंकड़ों पर यूनियनों द्वारा आपत्ति जताने के बाद प्रबंधन ने अगली मीटिंग में तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करने की बात कही है. सूचना के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास आवंटित को गठित कमेटी की दूसरी बैठक इसी माह होने की संभावना है.

## रथ यात्रा को लेकर रेलवे चलाएगी कोल्हान से कई स्पेशल ट्रेन

जमशेदपुर, एजेंसी। रथ यात्रा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए कोल्हान से पांच ट्रेनें शुरू करने की घोषणा की गयी है. इसमें से दो ट्रेनें टाटानगर से लेकर कोल्हान के कई स्टेशनों पर ठहरेगी और यात्री यहां से आ जा सकेंगे. इसके तहत बालेश्वर-पुरी-बालेश्वर रथ यात्रा स्पेशल 6 जुलाई और 14 जुलाई को शाम 5:40 बजे बालेश्वर से रवाना होगी और उसी दिन रात 23:45 बजे पुरी पहुंचेगी.

वापसी दिशा में, पुरी-बालेश्वर स्पेशल 8 जुलाई और 16 जुलाई को रात 01:15 बजे पुरी से रवाना होगी और उसी दिन सुबह 08:00 बजे बालेश्वर पहुंचेगी. विशेष ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में नीलगिरि रोड, खंटापारा, पनपना, बहनागा बाजार, सोरो, सबिरा, मरकोना और रानीताल में रुकेगी. इसी तरह दूसरी ट्रेन बादामपहाड़-पुरी-बादामपहाड़ रथ यात्रा स्पेशल 6 जुलाई और 14 जुलाई को बादामपहाड़ से सुबह 06:00 बजे रवाना होगी और उसी दिन रात 21:15 बजे पुरी पहुंचेगी.

वापसी दिशा में, पुरी-बादामपहाड़ स्पेशल 8 जुलाई और 16 जुलाई को पुरी से रात 02:30 बजे रवाना होगी और उसी दिन शाम 6:15 बजे बादामपहाड़ पहुंचेगी. विशेष ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में छनुआ, कुलडीहा, रायरंगपुर, ओंडाग्राम, बहलदा रोड, सिद्धिरसाई, हलुदपुकुर, टाटानगर, घाटशिला, चाकुलिया, गिधनी, झारग्राम, हिजली, बेलदा, दांतन, जलेश्वर, बस्ता, रूपसा, बालेश्वर और सोरो में रुकेगी.

वहीं, राउरकेला-पुरी-राउरकेला रथ यात्रा स्पेशल 5 जुलाई और 14 जुलाई को रात 21:50 बजे राउरकेला से रवाना होगी और अगले दिन शाम 4:45 बजे पुरी पहुंचेगी. वापसी दिशा में, पुरी-राउरकेला स्पेशल 8 जुलाई और 16 जुलाई को पुरी से रात 02:00 बजे रवाना होगी और उसी दिन शाम 3:30 बजे राउरकेला पहुंचेगी. विशेष ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में बंडामुंडा, बिसरा, भालुलता, जराइकेला, मनोहरपुर, घाघरा, पोसोइता, डेरोवान, महादेवसाल, गोइलकेरा, टुनिया, सोनुआ, लोटापहाड़, चक्रधरपुर, बड़ाबाम्बो, पांड्रासाली, चाईबासा, सिंहपोखरिया, झींकपानी, तालाबुरु, केंदपोसी, मालुका, डांगोआपोसी, देवझर, मुर्गा महादेव रोड, बांसपानी और जरोली में रुकेगी. राउरकेला-पुरी-राउरकेला रथ यात्रा स्पेशल 6 और 14 जुलाई को राउरकेला से सुबह 11:30 बजे रवाना होगी और उसी दिन रात 11:15 बजे पुरी पहुंचेगी. वापसी दिशा में, पुरी-राउरकेला स्पेशल 8 और 16 जुलाई को पुरी से सुबह 03:15 बजे रवाना होगी और उसी दिन शाम 16:00 बजे राउरकेला पहुंचेगी. विशेष ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में पानपोष, कलुंगा, कंशबहाल,

राजगांगपुर, सोनाखान, सागरा, गरपोस, तंगरमुंडा, बामरा, धरुआडीही, बागडीही, पानपाली, धुत्रा और झारसुगुड़ा में होगा. बंगरीपोसी-पुरी-बंगरीपोसी रथ यात्रा विशेष ट्रेन 7 और 14 जुलाई को बंगरीपोसी से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन शाम 18:15 बजे पुरी पहुंचेगी. वापसी दिशा में, पुरी-बांगरीपोसी स्पेशल 8 और 16 जुलाई को पुरी से रात 01:30 बजे रवाना होगी और उसी दिन दोपहर 13:45 बजे बांगरीपोसी पहुंचेगी. विशेष रेलगाड़ी दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में राजलुका, बुरामारा, कुचाई, भंजपुर, बारीपदा, जामसोल, कृष्णचंद्रपुर, बेतनोती, जोगल, जुगपुरा, ठाकुरटोटा, रूपसा, हल्दीपाड़ा, टिकिरापाल, बालेश्वर, नीलगिरी रोड, खांटापारा, पनपना, बहनागा बाजार, सोरो, सबिरा, मरकोना और रानीताल में रुकेगी.

## खुले में मीट-चिकन की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई का आदेश




**रांची, एजेंसी।** रांची में खुले में मीट-चिकन की बिक्री करने वाले लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। काले शीशे के भीतर मांस की बिक्री करनी है, पर खुले में मांस बेचा जा रहा है। पशुओं को काटकर टांगा जाता है। इससे लोग असहज हो जाते हैं। इस पर झारखंड हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस अरुण कुमार राय की कोर्ट ने मंगलवार को प्रार्थी श्यामनंद पांडेय की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर निगम को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि कितने लोगों को मांस बिक्री का लाइसेंस दिया गया है। जिन्हें लाइसेंस दिया गया है, वह खुले में मांस की बिक्री कर रहे हैं या कावे शीशे के अंदर। नगर निगम की ओर से लाइसेंस जारी करने के बाद कब दुकानों का निरीक्षण किया गया और शर्तों का पालन हो रहा है या नहीं।

कोर्ट ने रांची नगर निगम प्रशासक को बहुबाजार, डोरंडा, बरियातू, एचईसी, रातू रोड सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे मीट-चिकन दुकानों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी। इसके पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार ने शपथपत्र में सही जानकारी नहीं दी है। खुले में मांस बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता पूरी की गई है।

# मुस्लिम युवक का आदिवासी महिला से रिश्ता, झारखंड के इस जिले में बवाल, पुलिस कर रही कैंप

**बरहड़वा, एजेंसी।** लव जिहाद को लेकर झारखंड के संताल परगना में तल्ख राजनीतिक माहौल के बीच बुधवार को साहिबगंज जिले के रांगा थाना क्षेत्र के विजयपुर में एक मुस्लिम युवक शादीशुदा आदिवासी महिला के साथ पकड़ा गया। इसके बाद बवाल हो गया।

ग्रामीणों ने मुस्लिम युवक और महिला को बंधक बनाकर जमकर पिटाई की। दोनों को मुक्त कराने गए एक सिपाही को भी ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। हालांकि, देर शाम ग्रामीणों ने सिपाही को मुक्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, रांगा थाना क्षेत्र के आमगाछी निवासी 29 वर्षीय विवाहित सामीरूल हक और केंदुआ प्रधान टोला निवासी आदिवासी महिला (विवाहित) के बीच एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार को विजयपुर गांव के निकट



महिला के पति ने दोनों को एक साथ पकड़ लिया और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी।ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ कर जमकर पिटाई की। इसके बाद दोनों को बांध दिया और मारते-पीटते विजयपुर से केंदुआ प्रधान टोला ले गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही रांगा थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ केंदुआ प्रधान टोला पहुंचे।काफी मशक्कत के बाद दोनों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया और इलाज के लिए बरहड़वा सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान उमेश साव नामक सिपाही मौके पर ही रह गया जिसे ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। सिपाही को बंधक बनाने की सूचना पर एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, रांगा थाना प्रभारी के साथ केंदुआ प्रधान टोला पहुंचे।उधर, पिटाई में घायल सामीरूल हक को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया जबकि महिला अब तक पुलिस हिरासत में है। संताल परगना में लव जिहाद और बांग्लादेशी घुसपैठ को भाजपा मुद्दा बनाए हुए है।इस बीच मुस्लिम युवक और आदिवासी महिला के एक साथ पकड़े जाने के बाद इलाके में तनाव है। घटनास्थल पर रांगा थाना के अलावा बरहड़वा, बरहेट व कोटालपोखर थाने की पुलिस कैंप कर रही है।

## स्वास्थ्य मिशन घोटाला मामले में धनबाद में 7 ठिकानों पर ईडी की रेड

**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य मिशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में एक कोयला कारोबारी के 7 जगहों पर छापेमारी की है. बृहस्पतिवार (4 जून) को सुबह-सुबह ईडी की अलग-अलग टीमों ने धनबाद में 5 जगह जांच शुरू की. बाद में 2 जगह और टीम ने रेड की.

ईडी की छापेमारी वर्ष 2011-12 में हुए स्वास्थ्य मिशन घोटाला से संबंधित है. ईडी की टीमों ने प्रमोद सिंह, रवींद्र सिंह, अश्विनी कुमार, दिव्य प्रकाश और अजीत सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की है. प्रमोद सिंह के सरायढेला के सावलपुर स्थित सहयोगी नगर सेक्टर-3 स्थित ठिकाने पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की. बाद में कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह के पिता के रघुनाथ नगर स्थित ठिकाने और नूतनडीह कॉलोनी में रहने वाले एक बर्खास्त सिपाही के यहां छापेमारी की.



रवींद्र सिंह के धनबाद के नावाडीह स्थित श्रीराम कुंज, अश्विनी कुमार के धनबाद स्थित सोनारडीह के कालीनगर, दिव्य प्रकाश और अजीत सिंह के धनबाद में भूली स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है.

प्रमोद सिंह कभी एनएचएम में संविदा पर काम करता था. बाद में उसे बर्खास्त कर दिया गया, तो कोयला के कारोबार से जुड़ गया.

अजीत सिंह कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह का ड्राइवर है. भूली स्थित उसके घर पर भी ईडी की टीम की छापेमारी जारी है. आरोप है कि प्रमोद सिंह ने स्वास्थ्य विभाग में संविदाकर्मी के रूप में करोड़ों रुपए का घपला किया था. उसी सिलसिले में आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रमोद सिंह और उससे जुड़े लोगों के यहां छापे पड़े हैं.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल के मेसरा-बरकाकाना-पतरातु रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

- रेल सेवा की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना था।

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज धनबाद मंडल के मेसरा-बरकाकाना-पतरातु रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, पुल-पुलियों आदि का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा सांकी और हेहल के मध्य टनल का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण में महाप्रबंधक द्वारा मेसरा, सांकी, पतरातु और हेहल स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग ऑफिस, रिले रूम, एस एस ऑफिस आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किषोल सिन्हा तथा मुख्यालय एवं धनबाद मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### ट्रैक और पुलों का निरीक्षण

- महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, पुल-पुलियों आदि का गहन निरीक्षण किया और सांकी तथा हेहल के बीच स्थित टनल का भी जायजा लिया।

### स्टेशनों का मुआयना

- मेसरा, सांकी, पतरातु और हेहल स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग ऑफिस, रिले रूम, एस एस ऑफिस आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया।
- निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा और मुख्यालय एवं धनबाद मंडल के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## चेन पुलिंग और महिला कोच में यात्रा करने वालों पर सख्ती

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनाशयक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत पिछले माह के 15.06.2024 से 30.06.2024 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 471 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरशन ''समय पालन'' के तहत् इस दौरान सर्वाधिक 218 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 98, सोनपुर मंडल में 72, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 48 तथा धनबाद मंडल में 35 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन ''समय पालन'' मे तहत पिछले माह के 15.06.2024 से 30.06.2024 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 892 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 499 लोग दानापुर मंडल में जबकि सोनपुर मंडल में 235, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 81 तथा समस्तीपुर मंडल में 77 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

## आकांक्षी जिला के तहत जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान का हुआ शुभारम्भ

निज संवाददाता

**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा ने काशीचक प्रखंड में चण्डीनामा इंटर स्कूल में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ किये। नीति आयोग द्वारा चयनित नवादा जिले के ब्लॉक काशीचक का चयन किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक क्षेत्र में सुधार के लिए निर्धारित किये गए छः इंडिकेटर में प्रगति लाने के लिए विशेष गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले तीन महीने में शत्-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेना है। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत 04 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्ण अभियान चलेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्लान और रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर 2024तक हर हा में शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर मासिक बैठक कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये। सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 06 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जॉच को बढ़ाकर शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना, गर्भवतियों की स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत्-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों की मिट्टी जॉच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, जीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ससमय ऋण देना और उसकी वसूली करना आदि के बारे में बृहत रूप से बताया गया। आज जिला पदाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। 06 किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी काशीचक, अंचलाधिकारी काशीचक के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बिहार में 24 घंटे में छह पुल ध्वस्त

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में पुलों के ढहने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट में एक लोकहित याचिका दायर की गई है। याचिका द्वारा बिहार सरकार को एक संपूर्ण संरचनात्मक आडिट करने और ध्वस्त या मजबूत करने की आवश्यकता कमजोर पुलों की पहचान करने के लिए एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्देश देने की मांग की गई है। यह याचिका पिछले 15 दिनों में नौ पुलों (निर्माणाधीन पुलों सहित) के ढहने के दृष्टिगत दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि भारत में सर्वाधिक बाढ़-ग्रस्त राज्य बिहार है। पुलों के ढहने से बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर चिंताएं खड़ी होती हैं। वहीं नीतीश सरकार ने इंजीनियरों और ठीकेदारों की कोताही को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## अज्ञात लोगों ने युवक के साथ किया मारपीट, रेफर

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के महसई-मंझला के एक युवक को बाजार आने के क्रम में कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट कर गम्भीर रूप में घायल कर दिया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से ई-रिक्शा पर रखकर अनुमंडलीय अस्पताल के परिसर में लाया गया एवं बाहर स्थित कुर्सी पर बैठाकर छोड़ दिया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन प्रसाद ने कहा कि घायल युवक की पहचान मंझला गांव निवासी अजय प्रसाद के बेटे सचिन कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है। जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु उच्चतर अस्पताल रेफर किया गया है।वहीं घटना की जानकारी होते ही घायल युवक की मां समेत परिजन अस्पताल परिसर पहुंचे। घायल युवक की मां ने रोते बिलखते कहा कि सचिन कुमार घर से बाजार जाने के लिए निकला था। कुछ ही देर बाद उन्हें मारपीट की खबर मिली और वे बेटे को देखने अस्पताल पहुंची है। वहीं परिजनों ने कहा कि युवक के साथ बांके मोड़ के समीप उपरटंडा के कुछ लड़कों ने जमकर मारपीट कर घायल कर दिया है। हालांकि किसी ने भी मारपीट को लेकर स्पष्ट कारण नहीं बताए।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि उन्हें मारपीट से सम्बंधित किसी प्रकार का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन दिए जाने के आलोक में पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटेगी।



## 13 माह से लापता युवक का अबतक नहीं मिला सुराग

निज संवाददाता

**नवादा**। नगर थाना क्षेत्र से एक युवक रहस्यमय तरीके से गायब है।13 माह गुजर जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला पाया है। युवक के गायब होने से परिजन सहमे हुए हैं। जबकि लापता बेटे की सकुशल बरामदगी के लिए समाहरणालय के समक्ष पिछले 15 दिनों से मां आमरण अनशन पर बैठी है। पीड़ित महिला नगर थाना क्षेत्र के गोपाल नगर मोहल्ले की निवासी स्व. अनिल कुमार की पत्नी स्नेहा भारती बतायी जाती है। पिछले 15 दिनों से समाहरणालय के पास आमरण अनशन पर बैठी पीड़ित स्नेहा का कहना है कि उनका पुत्र अनुराग कुमार 13 जून 2023 से रहस्यमय तरीके से गायब है। सारी विधि व्यवस्था से थक हार कर मैं पिछले 15 दिनों से समाहरणालय के समीप आमरण अनशन पर बैठी हूं, जिसमें नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार द्वारा अनुराग को सकुशल बरामद करने के लिए 15 दिन का समय लिया था, जो आज पूरा हो चुका है। और पुलिस प्रशासन पिछले 13 माह से 18 वर्षीय लापता अनुराग का कोई सुराग नहीं लगा पाई और न अब तक गायब अनुराग को बरामद कर पायु हैं। पीड़िता ने डीएम को पत्र लिख बताया है कि 13 माह से लापता पुत्र अनुराग की बरामदगी के लिए सारे विधि व्यवस्था से थक-हार अब विवश होकर आगामी 10 जुलाई को नवादा में चक्का जाम करने जा रही हूं और उसके अगले दिन 11 जुलाई को समाहरणालय में आत्मदाह करने जा रही हूं।

## टोल प्लाजा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ बाइक सवार, 1033 की एम्बुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप बीते बुधवार की रात्रि एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। इस सड़क दुर्घटना में घायल बाइकसवार को एन.एच.ए.आई द्वारा संचालित 1033 एम्बुलेंस के कर्मी प्रशांत कुमार सिंह उर्फ सोनू एवं चालक शशिभूषण कुमार के द्वारा इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन प्रसाद ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान गारो बिगहा गांव निवासी यद्दु यादव के पुत्र गुड्डू यादव के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति के प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं घायल बाइकसवार ने कहा कि वह फतेहपुर से रजौली की ओर आ रहा था। इसी बीच गलत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित बाइकसवार ने जोरदार टक्कर दे मारी, जिससे वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायल व्यक्ति ने कहा कि धक्का मारने वाला बाइकसवार घटनास्थल से भागने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि मुझे ज्यादा चोटें नहीं आई है और न ही गाड़ी को ज्यादा नुकसान हुआ है। इसलिए वे पुलिस केस नहीं करेंगे।



## बिहार में अब बालू माफियाओं की खैर नहीं

**पटना (नि.सं.)**। बिहार के उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश सरकार गैर खनन से मुक्त और पारदर्शी नियमों के साथ खनन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश खनन गतिविधियों से जुड़े सभी हितधारकों के साथ मिलकर उपभोक्ता और उद्यमी दोनों के लिए लाभप्रद इको सिस्टम बनाने का प्रयास कर रही है। मंत्री बुधवार को पटना में प्रेस से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन के बढ़ते मामले को देख खनन उद्योग की एक नकारात्मक छवि बना दी गई है। परंतु सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जीरो अवैध खनन के लक्ष्य को साधने में जुटी है।

## सीओ पर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के चाहरदीवारी के अंदर दर्जनों हरा पेड़ कटवाने का आरोप

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। कौआकोल सीओ मनीष कुमार पर नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के पीछे व चाहरदीवारी के अंदर दर्जनों हरे पेड़ को कटवा देने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में समाजसेवी विनय कुमार के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव, नवादा के डीएम, डीएफओ सहित कौआकोल के रेंजर को लिखित आवेदन देकर स्थलीय जांचकर सीओ पर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि सीओ अनाधिकृत रूप से नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के अंदर बनें कैंटीन में ही आवास बनाकर परिवार समेत रह रहे हैं। जहां अपने निजी स्वार्थ में उनके द्वारा चाहरदीवारी के अंदर शीशम सहित अन्य दर्जनों हरा पेड़ कटवा दिया गया। जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार एक ओर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पेड़-पौधा लगाने पर जोर दे रही है, वहीं बिहार सरकार के ही एक जिम्मेवार अधिकारी के द्वारा जिस तरह से दर्जनों हरे पेड़ को बगैर किसी वरीय अधिकारी के आदेश के कटवा दिया गया है, वह पूरी तरह एक गंभीर मामला है। वहीं इस सम्बंध में रेंजर विवेकानन्द स्वामी में कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है, फोरेस्टर को जांच करने की जिम्मेवारी दी गई है। उनके द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जबकि आरोपों पर सीओ मनीष कुमार ने कहा कि ये पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है एवं उन्हें बदनाम करने का कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा सिर्फ झाड़ी साफ कराया गया है।

## मारपीट एवं छिनतई को लेकर महिला समेत दो लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के सिरोडावर गांव में महिला के साथ हुई मारपीट एवं छिनतई को लेकर एएसआई पवन कुमार ने महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पीड़िता सिरोडावर गांव निवासी सुबोध कुमार की पत्नी मानो देवी ने बताई कि वह बीते 1 जुलाई की संध्या लगभग 5:30 बजे घर में अकेली थी। पुराने विवाद को लेकर गांव के ही महेंद्र यादव के बेटे लवकुश यादव, अखिलेश यादव एवं बेटी पिंकी देवी लाठी-डंडा एवं ईंट आदि लेकर घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित महिला द्वारा विरोध किये जाने पर उक्त लोगों ने महिला के साथ जमकर मारपीट करने लगे। इस दौरान हल्ला सुनकर महिला को बचाने आये भगिना रोहित कुमार एवं चाचा ससुर समन महतो के साथ भी जमकर मारपीट किया। साथ ही रोहित कुमार के पास रहे एक स्मार्टफोन को भी लवकुश कुमार ने छीन लिया। घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी गई। डायल 112 की टीम ने घायल लोगों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां दी। वहीं पीड़ित महिला को गम्भीर रूप से घायल होने के कारण बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित महिला ने कहा कि इसके पूर्व भी ये लोग कई बार मारपीट कर चुके हैं, जिसको लेकर रजौली थाना काण्ड संख्या 217/23 एवं 320/23 में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला मानो देवी द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं नामजद आरोपी लवकुश कुमार एवं पिंकी देवी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही कहा कि दोनों गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पैक्स अध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडेय के आकस्मिक मौत से शोक

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र के अमावां पूर्वी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडेय के आकस्मिक मौत से परिजन शोकाकुल हैं। अमावां पश्चिमी के पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने बताया कि दिवंगत रविंद्र कुमार पांडेय लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। हालांकि उनका इलाज बेहतर चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था। किंतु गुरुवार की अहले सुबह उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि दिवंगत पैक्स अध्यक्ष विचार एवं व्यवहार से काफी शालीन थे। इसी कारणवश जब वर्ष 2014 में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव लड़ा तो उन्हें पहली जीत हासिल हुई। वहीं पहले कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूरा किया एवं वर्ष 2019 में पुनः लोगों ने उनके कन्धों पर एक बार और पैक्स अध्यक्ष का तमगा लगाकर जिताया। दिवंगत रविंद्र कुमार पांडेय की मौत की खबर उनके पंचायत के लोगों को मिलते ही लोग श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचने लगे। दिवंगत पैक्स अध्यक्ष का अंतिम संस्कार गुरुवार को ही सम्पन्न हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक बनवारी राम, को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन मुन्ना कुमार, बीसीओ दीपक कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, अमावां पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमा चौधरी, बहादुरपुर पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्की कुमार, धमनी पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार एवं रजौली पूर्वी परीक्षा अध्यक्ष अनिल कुमार के अलावे सैकड़ों व्यक्ति मौजूद लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही पहाड़ जैसे दुःख की घड़ी में परिजनों को सांत्वना देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

## सत्येंद्र बनें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के प्रभारी प्रधानाध्यापक

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। शिक्षक प्रशिक्षण की योग्यता प्राप्त अध्यापक सत्येंद्र कुमार को प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं औपबंधिक रूप से किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के हस्ताक्षर से जारी आदेश के आलोक में गुरुवार को सत्येंद्र कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा के निवर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना कुमारी ने उन्हें पदभार सौंपा। मौके पर पूर्व बीआरपी सह विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रीतम कुमार, सलमान, खुशबू रानी, अविनाश कुमार, राकेश कुमार रौशन, उपेन्द्र कुमार, बबिता कुमारी, सुमन पाण्डेय, धर्मजीत, सर्वेश मांझी, सुमन शेखर पटेल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दिया तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय के चहुंमुखी विकास होगा।




## नीट पेपर लीक मामले में कोर्ट ने मानी सीबीआई की बात

**पटना (नि.सं.)**। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में सीबीआई ने गुरुवार को रिमांड पर लिए गए सात आरोपितों और धनबाद से गिरफ्तार अमन सिंह को अदालत में पेश किया। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार ने अदालत से आरोपितों को फिर से रिमांड पर देने का आग्रह किया। अदालत ने हजारीबाग से गिरफ्तार ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज, एक अन्य जमालुद्दीन, चिंटू और धनबाद से गिरफ्तार अमन सिंह को चार दिनों के लिए सीबीआई रिमांड पर देने का आदेश दिया है।

## लिपिक के निधन पर शिक्षकों व छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता

**नवादा**। जिले के :इंटर विद्यालय नारदीगंज में कार्यरत लिपिक शशि कुमार सुधाकर के सड़क हादसे में निधन होने की सूचना मिलते ही विद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों व छात्र व छात्राओं में मातम छा गया। इस घटना से हर कोई हतप्रभ रह गए हैं।जिले के विभिन्न विद्यालयों में इस घटना को लेकर विद्यालय परिसर में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुआ। इंटर विद्यालय नारदिगंज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक ने की। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों, कर्मियों, छात्र व छात्राएं ने दो मिनट का मौन रखकर अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की। कहा की लिपिक शशि जी काफी सरल व मृदुभाषी थे,वे अपने ईमानदारी व कर्मठता के साथ कार्यो को सम्पादित करते थे। वे भाई व परिवार के तरह विद्यालय के शिक्षकों व अन्य लोगों के साथ रखते थे। उनके साथ बिताए गये क्षण जीवन में एक यादगार बना रहेगा। उनके आकस्मिक निधन होने से विद्यालय परिवार के साथ स्वजन व समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वे इस विद्यालय में 15 मार्च 1996 को योगदान दिया था, और 31 मई 2033 को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके आश्रितों को जब भी आवश्यकता होगी, तब विद्यालय परिवार सदैव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगी। घटना पर दुःख प्रकट करते हुए प्रवीण चंद्र राय, लिपिक इंटर विद्यालय चंडीनावाँ, कन्या इंटर विद्यालय नवादा के लिपिक ओम प्रकाश, धानपुर के लिपिक दिवाकर कुमार इंटर विद्यालय रोह के प्रभारी प्र० स० अजय कुमार, मनोज कुमार आदि ने अपने विद्यालय में शोक सभा आयोजित किया तथा दिवगन्त आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर शिक्षक राजन कुमार, प्रशांत कुमार, बिनोद कुमार रविदास, मो. समीर खान, धनन्जय कुमार, रूपेश कुमार, नीरज कुमार, डा. सुधा कुमारी, सिमरन कुमारी, कुमारी नीतू समेत अन्य शिक्षक, कर्मी व छात्र छात्राएं ने शामिल होकर दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



## ढ़ाई महीने में अमित शाह के विभाग को 3 पत्र

**पटना (नि.सं.)**। राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अभियान के पद पर प्रतिनियुक्त पांच पदाधिकारियों की अवधि विस्तार को लेकर गृह विभाग ने एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। विभाग ने पांच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि एक साल और बढ़ाने का अनुरोध किया है। इनकी तीन साल की प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण हो चुकी है। जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि चौथे साल के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया है, उनमें मुंगेर में पदस्थापित कुणाल कुमार, जमुई में पदस्थापित ओंकार नाथ सिंह, बगहा (पश्चिमी चंपारण) में पदस्थापित दिवेश कुमार मिश्रा, लखीसराय में पदस्थापित मोती लाल और गया में पदस्थापित मुकेश कुमार सेवरिया शामिल हैं।

पत्रांक—547

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह

(Email ID- eegoh1@gmail.com)

–: अल्पकालीन निलामी सूचना :–

मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के पत्रांक–1071, दिनांक–25.06.2024 के निदेश एवं बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के प्रमंडलाधीन अनुपयोगी यंत्रों/संयत्रों/उपस्करों की निलामी किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:—

| क्र0 सं0 | प्रमंडलाधीन अनुपयोगी यंत्रों/संयत्रों / उपस्करों का नाम एवं संख्या | निलामी की न्यूनतम बोली | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | प्रमंडलीय सूचना पट्ट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार | 197116.00 | 19.07.2024 |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल–01, गोह

PR- 003248 ( WRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# विश्व विजेता बनकर वापस लौटी भारतीय टीम बारिश के बीच फैंस ने किया जोरदार स्वागत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के चैंपियंस वतन वापस आ चुके हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम गुरूवार सुबह 6 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर पहुंची। एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के कई उत्साही प्रशंसक मौजूद थे, जिनकी दीवानगी देखने लायक थी।

एक फैन के सीने पर विराट कोहली की तस्वीर थी और पीठ पर खिलाड़ियों के नाम गुदे हुए थे। इस फैन के हाथ में तिरंगा भी था। जैसे ही फैन्स ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को देखा, उनका जोश दोगुना हो गया।

रोहित ब्रिगेड बारबाडोस से दिल्ली के टर्मिनल 3 पर पहुंची और इसके बाद आईटीसी मौर्य होटल के लिए रवाना हुई। लंबी फ्लाइट के बाद भी खिलाड़ियों के चेहरे पर थकावट नहीं दिखी। फैन्स को देखकर खिलाड़ियों के चेहरे पर एक अलग चमक नजर आई। इस दौरान एक खास फैन, जो पिछले 16 साल से टीम इंडिया का समर्थन कर रहे हैं, भी एयरपोर्ट पर दिखे। उन्होंने बताया कि वह मुंबई में होने वाली विक्ट्री परेड में भी शामिल होंगे।

एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लहराते नजर आए, जिसे देखकर फैन्स ने इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ देखा जा सकता है।

भारतीय टीम की एक झलक पाने के लिए कई फैन्स पहले ही एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे।




शूटर रिदम सांगवान बोलीं...

## पूरे हिंदुस्तान का आशीर्वाद मेरे साथ है, ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करुंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होने जा रही है। इसके लिए हर देश तैयारियों में जुटा हुआ है। भारतीय एथलीट्स भी इस मेगा इवेंट को लेकर जमकर तैयारी कर रहे हैं। कुछ एथलीट्स अपने देश में रहकर ही तैयारियों में जुटे हैं तो कुछ को विदेश भेजा गया है।

इसी कड़ी में भारत को सबसे ज्यादा उम्मीदें अपने निशानेबाजों से है। भारत को सबसे पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक शूटिंग में ही मिला था, जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण जीता था। इसके अलावा भी देश को गगन नारंग और विजय कुमार जैसे कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने ओलंपिक में पदक दिलाए हैं। ऐसे में इस साल भी निशानेबाजी में भारत अपने सबसे बड़ा दल ओलंपिक के लिए भेज रहा है। इसी टीम का हिस्सा रिदम सांगवान भी हैं। रिदम पिछले साल हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत चुकी हैं। इसके अलावा भी उनके नाम कई पदक हैं।

रिदम निशानेबाजी में भी तीन स्पर्धाओं में खेलती हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा उन्हें 25 मीटर पिस्टल और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भी महारत हासिल है। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह 10 मीटर एयर पिस्टल में हिस्सा लेंगी। रिदम विश्व चैंपियनशिप्स में एक स्वर्ण (2023 बाकू) और तीन रजत (2022 कायरो) पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा आईएसएसएफ विश्व कप में उन्होंने 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण अपने नाम किया था। आईएसएसएफ विश्व कप में वह तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत कुल पांच पदक जीत चुकी हैं। 20 साल की रिदम से इस साल पेरिस ओलंपिक में पदक की आस है।

### संक्षिप्त समाचार

#### बेन स्टोक्स ने कहा कि क्रिकेट फैंस की यादों में हमेशा के लिए रहेगी इंग्लैंड क्रिकेट टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि जो लोग उनकी टीम के खास क्रिकेट ब्रांड के गवाह बने हैं, वे उनकी टीम को हमेशा के लिए याद रखेंगे। स्टोक्स ने डॉक्यूमेंट्री एसेज 2023 आवर टेक में बात करते हुए कहा कि जो भी हमने अब तक किया है, वह रुकने नहीं जा रहा है, क्योंकि हमने एशेज को वापस हासिल नहीं किया है। हमारे काम का इनाम ये नहीं है कि हमने क्या पाया, बल्कि ये है कि हम क्या बन गए हैं। हम एक ऐसी टीम बन गए हैं, जो उन लोगों की यादों में हमेशा रहेगी, जिन्होंने हमको खेलते हुए देखा है। ये डॉक्यूमेंट्री पहले से ही काफी ध्यान आकर्षित कर चुकी है, खासकर जॉनी बेयरस्टो के स्टम्प आउट पर अंग्रेज खिलाड़ियों के पक्ष को लेकर। पूर्व कप्तान जो रूट का कहना था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी जगह ठीक थी और यहां तक कि वे खुद भी ऐसा ही करते। बेन स्टोक्स की एक मार्मिक क्लिप सामने आई है, जिसमें कप्तान स्टोक्स ओल्ड ट्रैफर्ड ड्रेसिंग रूम में अपनी टीम को संबोधित कर रहे थे। मैनचेस्टर का चौथा टेस्ट मैच बारिश के चलते ड्रा हो गया था।

## हार्दिक पंड्या ने आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बनाया कीर्तिमान

● पहली बार किसी भारतीय ने किया ऐसा, बने नंबर 1 ऑलराउंडर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हार्दिक पंड्या ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ) की रैंकिंग में गदर काट दिया है. हार्दिक ने ऑलराउंडर की नंबर 1 गद्दी पर पहली बार कब्जा जमाया है. भारत के ऑलराउंडर पंड्या ने पहली बार आईसीसी रैंकिंग में ऐसा किया है. आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हार्दिक पंड्या के जोरदार प्रदर्शन की वजह से वह पुरुष T20 रैंकिंग अपडेट में नंबर 1 रैंक वाले ऑलराउंडर बन गए हैं.

आईसीसी की नई रैंकिंग के बाद हार्दिक पंड्या ने दो पायदान की छलांग लगाई थी. हार्दिक अब श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ टॉप रैंक वाले ऑलराउंडर बन गए हैं. हार्दिक ने फाइनल में हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच पलट दिया और भारत की साउथ अफ्रीका पर 7 रनों की जीत में अहम योगदान निभाया. हार्दिक का टी20 वर्ल्ड कप में बल्ले और गेंद योगदार भी जोरदार था. इस वजह से वह इस कैटरगी में नंबर 1 पर पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं.

#### पंड्या के वर्ल्ड कप 2024 के आंकड़े

पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 144 रन बनाए, इस दौरान उनका एवरेज 48 का रहा. वहीं पंड्या ने इन 8 वर्ल्ड कप मैचों में 7.64 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट भी अपने नाम किए.

#### हार्दिक ने फेंका था फाइनल ओवर

हार्दिक पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं 5 रन नाबाद भी बनाए. वहीं पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल आखिरी ओवर किया, जहां जीत के लिए अफ्रीकी टीम को 16 रनों की जरूरत थी, पर पंड्या ने महज 8 रन दिए थे.

## सबसे तेज शतक पर भारी पड़ा एक सिक्सर

आखिरी बॉल पर लगे छक्के ने जिताया मैच

**कोलंबो, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 जबरदस्त अंदाज में अपने अंजाम को पहुंचा. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच एक रोमांचक फाइनल मैच हुआ, जिसमें टीम इंडिया ने 7 रन से जीत दर्ज की और 17 साल के बाद दूसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया. जहां पूरा भारत इस खुशी के जश्न में डूबा है, वहीं भारत के ही पड़ोसी देश श्रीलंका में एक नया टी20 एक्शन शुरू हो चुका है, जहां एक रोमांचक मुकाबले में शतक जमाने वाले बल्लेबाज की टीम आखिरी गेंद पर हार गई. लंका प्रीमियर लीग के चौथे मैच में ये कमाल का नजारा दिखा, जहां जाफना किंग्स ने डाम्बुला सिक्सर्स को 4 विकेट से हरा दिया.

#### कुसल परेरा का विस्फोटक शतक

पल्लेकेले में दोनों टीमों के बीच बुधवार 3 जुलाई को ये मुकाबला खेला गया. इस मैच में डाम्बुला ने पहले बैटिंग की और 191 रन बनाए. टीम के लिए दिग्गज श्रीलंकाई ओपनर कुसल परेरा ने विस्फोटक पारी खेली और सिर्फ 52 गेंदों में 102 रन बनाए. लंका प्रीमियर लीग के इतिहास में ये सबसे तेज शतक है. अपनी पारी में परेरा ने 10 चौके और 5 छक्के उड़ाए. उनके अलावा डाम्बुला के लिए नुवानिदु फर्नांडो ने 40 और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन



ने 33 रन बनाए थे.

#### असलंका-फर्नांडो का हमला

इसके बाद बारी जाफना किंग्स की थी लेकिन इस टीम की शुरुआत ही एकदम खराब रही. टीम ने सिर्फ 36 रन तक ही अपने 3 विकेट गंवा दिए थे. यहां से मोर्चे पर डट गए चरित असलंका और अविष्का फर्नांडो. पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका के लिए बेहतरीन पारियां खेलने वाले इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर डाम्बुला के गेंदबाजों की धुनाई शुरू कर दी और देखते ही देखते सिर्फ 11 ओवरों के अंदर 134 रन कूटते हुए टीम को 170 तक पहुंचा दिया.

#### आकिरी बॉल पर जमाया छक्का

यहीं पर ये साझेदारी टूटी और दोनों ही बल्लेबाज डेढ़ ओवरों के अंदर आउट हो गई. जबकि कुछ ही देर में धनंजया डिसिल्वा भी चलते बने.

आखिरी ओवर में जाफना को सिर्फ 4 रनों की जरूरत थी और शुरुआती 2 गेंदों में ही तीन रन आ गए. अब 4 गेंदों में 1 रन चाहिए था लेकिन विमुक्ति की अगली 3 गेंदों पर कोई रन नहीं आया, जिससे मुकाबला रोमांचक हो गया. डाम्बुला के पास मैच को सुपर ओवर में ले जाने का मौका था लेकिन फैबियन एलन ने आखिरी गेंद पर जबरदस्त छक्का जमाकर टीम को रोमांचक जीत दिला दी.

## विनेश फोगाट को स्पेन के लिए शेंगेन वीजा मिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता महिला पहलवान विनेश फोगाट को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, विदेश मंत्रालय और अन्य अधिकारियों से तत्काल मदद मांगने के बाद बुधवार को मैड्रिड में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए स्पेन का शेंगेन वीजा मिल गया।

विनेश, जो मैड्रिड में ग्रां प्री ऑफ स्पेन 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगी, उनकी उड़ान आज रात (बुधवार रात) के लिए निर्धारित है, लेकिन उन्हें बुधवार सुबह तक वीजा नहीं मिला। लेकिन हरियाणा की पहलवान अब मैड्रिड जा सकती है जहां उसे स्पेन के ग्रां प्री में हिस्सा लेने से पहले एक सप्ताह का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके बाद विनेश ओलंपिक खेलों से पहले फ्रांस की यात्रा करेंगी। विनेश ने एक्स पर संबंधित अधिकारियों से मामले की निगरानी करने का अनुरोध किया था।

झउन्होंने अपने पोस्ट में विदेश मंत्रालय के साथ-साथ खेल मंत्री और बेंगलुरु में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास को भी टैग किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रिय अधिकारियों, मैं तत्काल मदद का अनुरोध कर रही हूं। मैंने 24 जून को बेंगलुरु में अपने शेंगेन वीजा के लिए आवेदन किया था। मुझे 6 जुलाई को स्पेन में एक प्रतियोगिता के लिए आज रात निकलना है लेकिन मेरे वीजा के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

● चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर सामने आया सबसे बड़ा अपडेट

## भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख हुई तय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी का अगला टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी होगा जो 2025 में पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है. हालांकि अभी तक ये तय नहीं हुआ है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं. लेकिन पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के लिए जमकर तैयारी कर रही है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच भी मुकाबला खेला जाना है. ये मैच कब और कहां खेला जाएगा इसको लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है.

भारत-पाकिस्तान मैच पर बड़ा अपडेट




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 1 मार्च 2025 तय की है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने ये अपडेट दिया है कि भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच ये मैच लाहौर में खेला जाएगा. लेकिन बीसीसीआई ने अभी तक अस्थायी कार्यक्रम पर अपनी सहमति नहीं दी है.

8 टीमों के बीच खेला जाएगा टूर्नामेंट

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी और 10 मार्च को रिजर्व डे रखा जाएगा. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है. ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं.

**लाहौर में टीम इंडिया के सभी मैच**

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया कि पीसीबी ने 15 मैचों की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का ड्राफ्ट जमा कर दिया है. लाहौर में सात, कराची में तीन और रावलपिंडी में पांच मैच होंगे. लेकिन सुरक्षा और तार्किक कारणों से भारत के सभी मैचों को लाहौर में रखा गया है.

## प्रज्ञानंद ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट में बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला, अलीरेजा भी चमके

चेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला। इस तरह दोनों के अंक बंट गए। वहीं, ईरानी-फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिका के वेस्लो सो को पराजित किया।

भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रॉ कराई। प्रज्ञानंद ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानिया के खिलाड़ी ने उनका डटकर सामना किया और 38 चाल के बाद ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा।

## एक नजर

### बारिश से बिचड़े को हुआ फायदा, सड़क पर जल जमाव

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड में एक जुलाई से हो रही बारिश से गर्मी से लोगों को राहत मिली है परन्तु सिनेमा रोड, बस स्टैंड रोड, कनाप रोड, बड़ी फील्ड सहित अन्य दर्जनों जगहों पर जल जमाव होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिनेमा रोड में सड़क पर जल जमाव होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सिनेमा रोड में सालों भर नाली का पानी का जमाव सड़क पर रहता है। बारिश का पानी और नाली का पानी एक हो गया।

### हत्या के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**पौथू (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पौथू पुलिस ने वजीरपुर ईटवां गांव के युवक को इसी गांव के 14 वर्षीय सोनू कुमार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आकाश राज ने बताया कि एक महीने पूर्व गांव दो बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ा और लाठी डंडे से मारपीट हुई। इसमें सोनू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका कई दिनों तक पीएमसीएच पटना में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही सोनू की मौत हो गयी।

### विवेकानंद की पुण्यतिथि मनी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के द्वारा नगर मंत्री किशु गुप्ता के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 एवं निधन 4 जुलाई 1902 को हुआ। वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।

# पति ने पत्नी की हथेली काटकर किया अलग

**पति हुआ फरार, पिता पर फायरिंग मामले में जा चुका है जेल, मां की भी हत्या की प्लानिंग, बोली- बेटे को गोली मार दी जाए**

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** देव में घरेलू विवाद में सनकी पति सुनील सिंह (48) ने पत्नी माधुरी देवी (41) ने तलवार से पत्नी की हथेली काटकर अलग कर दिया। घटना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 जंगी मोहल्ला की है। जंगी मोहल्ला निवासी सुनील सिंह शराब के नशे में गुरुवार अहले सुबह 3 बजे पत्नी माधुरी देवी से झगड़ रहा था। विवाद बढ़ा तो सुनील ने अपनी पत्नी पर तलवार से हमला कर दिया। माधुरी खुद को बचाने के लिए अपने हाथ से तलवार को रोकना चाही, लेकिन इस दौरान दाहिना हथेली कटकर अलग हो गया। घटना के बाद चीखने-चिल्लाने लगी तो आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन सुनील सिंह मौके से फरार हो गया। वहीं गुरुवार की दोपहर में FSL की टीम घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन किया। फिलहाल तलवार को जब्त कर लिया गया है। वहीं सुनील की मां सुशीला देवी ने कहा कि पुलिस सुनील की गोली मारकर हत्या कर दे।

### गया मगध मेडिकल में जारी है इलाज

वहीं मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर हालत में महिला को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। वहीं परिजन उसे पटना के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां आईसीयू में इलाज जारी है। घायल की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही देव थाने की पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### मां बोली- बेटे को गोली मार दी जाए

सुनील की मां सुशीला देवी ने बताया कि वह बचपन से ही बहुत जिद्दी और सनकी है। 2021 में उसने अपने पिता की गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन वह बच गए। इसके बाद पिता ने मामला दर्ज करवाकर उसे जेल भेजवाया था, बाद में वो खुद सुनील को रिहा करवाकर लाए थे। जेल जाने से पहले वह कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करता था। पिछले 4 महिने से वह बेरोजगार था। दोनों के दो बेटे आकाश कुमार (14) और निखिल कुमार (18) हैं। 2004 में दोनों की शादी हुई थी। मां ने कहा कि सुनील मेरी भी हत्या करना चाहता है। वो लगातार घर के सभी सदस्यों की हत्या करने की धमकी देता है।

### क्या बोली पुलिस

देव थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घायल के बेटे आकाश कुमार के द्वारा आवेदन मिला है, जिसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। घायल के परिजन नंदन कुमार ने बताया कि घायल की स्थिति काफी नाजुक है। पटना के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है।

# डीएम ने भू-अर्जन से संबंधित की समीक्षा बैठक आयोजित



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में जिला भू अर्जन से सबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा भू अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि की विवरणी, कुल परियोजना, भू अर्जन पूर्ण परियोजना, भुगतान की जा रही परियोजना, बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 07 परियोजना संचालित हैं जिसमें सभी परियोजनाओं में जो रैयत प्रभावित हुए हैं उनका मुआवजा भुगतान के लिए अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भूअर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयन कराए जाने एवं मुआवजा भुगतान में उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में समीक्षा की गई। सभी अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भूअर्जन के पश्चात मुआवजा भुगतान में उत्पन्न हो रही समस्याओं के यथाशीघ्र निराकरण कर रैयतों को मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने जिला भूअर्जन पदाधिकारी के साथ पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को कहा कि ज़िले में कई परियोजना की सड़कें का निर्माण किया जा रहा है। कई योजना संचालित है। सभी अधिकारी का दायित्व है कि उक्त परियोजन के संचालन में कहीं कोई दिक़्क़त नहीं हो इसके लिये नियमित समीक्षा एंव कार्य की प्रगति को देखते रहे।

# सड़क दुर्घटना वाद के पीड़िता को मिला 4.80 लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम के द्वारा मदनपुर थाना काण्ड संख्या 22 /20 के मृतक शैलेन्द्र ठाकुर, पिता– अर्जुन ठाकुर निवासी- ग्राम- कठरी, थाना- मदनपुर, जिला- औरंगाबाद के मां गिरजा देवी को 4.80 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम द्वारा बताया गया कि दिनांक 09.03.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 03 /21 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में सचिव ने बताया कि मदनपुर थाना काण्ड संख्या 22 /20 शैलेन्द्र ठाकुर, पिता– अर्जुन ठाकुर निवासी- ग्राम- कठरी, थाना- मदनपुर, जिला- औरंगाबाद को दिनांक 02-02-2020 को ग्राम चमोथा टोली, शिवगंज के पास ट्रक संख्या एम पी 66 एच 0543 द्वारा धक्का मारने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया था। चेक प्रदान करते समय जिला जज के द्वारा पीड़िता को बताया गया कि चेक से सम्बन्धित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सद्पयोग करें, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर पीड़िता के अधिवक्ता काली प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद के त्वरित निष्पादन के माध्यम से पीड़ित को मुआवजा प्राप्त हो जाता है जिससे पीड़ित को समय पर उनको मुआवजा राशि मिलने से उनके कष्ट पर थोड़ा सहारा मिल जाता है, राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है और बीमा कम्पनी या पक्षकार से समझौते के उपरान्त प्राप्त चेक को पीड़ित को तत्काल प्रदान किया जाता है।

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में सिक्योरिटी मार्केट और वेल्थ क्रिएशन पर वेबिनार आयोजित

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** गुरूवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय सेर्ड से सम्बंध एनएसइ के द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत इंडियन सिक्युरिटी मार्केट एंड वेल्थ क्रिएशन पर मेगा इवेंट्स आफ इंडिया कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक जुड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्य वक्ता के रूप में सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर संग्राम केसरी साहु ने इकनॉमिक मार्केट इन्फ्लेशन इन्वेस्टमेंट पर चर्चा की। बताते चले की सेबी का टैगलाइन है हर निवेशक की ताकत। स्वागत संबोधन देते हुए प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि सिक्योरिटी मार्केट के बायर्स और सेलर्स के स्लोटिंग कंडीशन को ध्यान में रखकर संपूर्णताओं को इंगित करते हुए प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर बहादुर भीम कुमार सिंह ने ऐसे अनेक कार्यक्रम की श्रृंखला तैयार की है जो छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। मिशन 10 मिलियन डॉलर की इकोनॉमी भविष्य में बनाना है। रिसोर्स पर्सन संगम सर ने प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा और कार्यक्रम समन्वयक बहादुर भीम सिंह को ऐसा अवसर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि कैसे आप अपनी फाइनेंशियल पोजिशन को सुदृढ कर सकते हैं, सिक्योरिटी मार्केट में प्रवेश करने का तरीका बताया गया। इस वेबीनार के माध्यम से सिक्योरिटी मार्केट की शब्दावली को समृद्ध किया। सेबी भारत सरकार की ओर से यह वेबीनार आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्क्रीनशॉट संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाना है। आईपीओ के बारे में जानकारी दी गई। एक्टिव इन्वेस्टिंग एंड पैसिव इन्वेस्टिंग की चर्चा की गई। डिमैट अकाउंट, बैंक अकाउंट, ट्रेडिंग अकाउंट के बारे में बताया गया। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ सिक्योरिटी मार्केट में रोजगार उत्पन्न करने के अपार संभावनाएं हैं इसके लिए उन्होंने बताया कि कैसे इन्वेस्ट करें। उन्होंने एक टैगलाइन दिया सोच कर, समझ कर इन्वेस्ट करें निशा के सीरीज के बारे में बताया एमए, एम कॉम, एमसीए, बीसीए। सौरभ सिंह ने प्रश्न के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया, इन्होंने लार्ज कैप के बारे में पूछा। अभिषेक राज ने प्रश्न पूछा। तकनीकी सहायता प्रवीण दुबे ने प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर बहादुर भीम सिंह (विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग) ने की। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अमित कुमार, नीतू सिंह, सुशोभन आनंद, श्रुति, नेहा कुमारी, डोली कुमारी, शशि कांत कुमार मौजूद रहे। मनोज कुमार सिंह (लेखपाल) और सौरभ सुमन (प्रधान सहायक) का सहयोग प्राप्त हुआ।

# डीएम ने किया विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा ओबरा प्रखण्ड निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत भूमिगत जल को रिचार्ज करने हेतु छत वर्षा जल संचयन रचनाओं के निर्माण हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिये। इस संरचनाओं के निर्माण से वर्षा काल में वारिश के पानी को सीधे भूमि के अन्दर भेजने की व्यवस्था रहती है। प्रत्येक पंचायतों में इससे संबंधित बैनर लगाने का निदेश दिये गया। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा ओबरा प्रखण्ड के गैनी पंचायत के मुखिया द्वारा छत वर्षा जल संचयन निर्माण कराने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया गया। मनरेगा अन्तर्गत प्रोग्राम पदाधिकारी ओबरा को महिला मजदूरों को जॉव कार्ड बनाने का निदेश एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण यथाशीघ्र कराने का निदेश दिया गया। पीएचईडी कनीय अभियन्ता को प्रखण्ड अन्तर्गत सभी खराब चापाकल मरम्मत एवं नल-जल मरम्मत कराने का निदेश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र तथा ओबरा बजार में एनएच 139 पर अवस्थित नाली सफाई कराने का निर्देश दिए। गरीब गर्भवती, कुपोषित महिलाओं तथा बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार करने हेतु जन प्रतिनिधियों को प्रेरित किया गये।

15वीं वित्त आयोग एवं षष्ठम वित्त आयोग द्वारा संचालित योजनाओं को पूर्ण होने के पश्चात् जांच कर भुगतान करने एवं लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिये। ग्रामीण क्षेत्रों जनहित में मूलभूत सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर कराने का निर्देश दिये। सरकारी योजनाओं का लाभ, योग्य व्यक्तियों तक पहुँचाने का निदेश दिया गया। तथा सभी पदाधिकारियों को ससमय कार्यालय आने और ससमय बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में एसडीओ दाउदनगर समेत सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट मे आने से एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** जिले के गोह-दाउदनगर पथ के देवहरा पुल के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर से दबने के कारण एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हो गया। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव निवासी राजकुमार शर्मा के 19 वर्षीय पुत्र अभय कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के चचेरा भाई राजा कुमार ने बताया कि गुरुवार के दोपहर मृतक अभय एक ड्राइवर के साथ घर गम्हारी से देवहरा के ओर जाने के लिए निकला कुछ घंटे बाद देवहरा पुल के पास मौत होने की सूचना मिली। मृतक दो भाई है। मृतक के पिता बाहर रहकर एक कंपनी में काम करता है। मृतक इस बार 12वीं परीक्षा पास कर स्नातक पार्ट 1 में नामांकन करवाया था। गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने कहा कि सूचना मिली की देवहरा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस पहुंची तो पाया कि मृतक का अपना ट्रैक्टर है। जानकारी मिली है की उसके साथ एक और व्यक्ति था । जिसका घटनास्थल पर चप्पल मिला है। वह घायल है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल गोह में किया जा रहा है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुड़ गई है। ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### कुटुंबा में मैराथन दौड़ से शुरू होगा संपूर्णता अभियान

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत विभिन्न चिन्हित सूचकांक में परिपूर्णता प्राप्त करने हेतु कुटुंबा प्रखंड में संपूर्णता अभियान का उद्घाटन शनिवार को होना है। रेफरल अस्पताल परिसर को कार्यक्रम स्थल बनाया गया है। बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कुटुंबा के कस्तूरबा गांधी स्कूल से रेफरल अस्पताल तक मैराथन दौड़ के साथ होगी। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में कबड्डी, बैडमिंटन और चित्रकला की प्रतियोगिता होगी।

### देश भक्ति गीतों से सराबोर हुए श्रोता

**औरंगाबाद (का.सं.)।** सैनिक कल्याण विभाग एवं अनुमंडल प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अनुमंडल कार्यालय में शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याणार्थ एक शाम, शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ मनोज कुमार, एडीपीओ कुमार ऋषि राज, क्षेत्रीय सैनिक कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, जिला पार्षद अमरेंद्र उर्फ अरविंद यादव एवं भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। बताया गया कि कार्यक्रम सैनिक कल्याण विभाग एवं कला संस्कृति विभाग पटना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के माध्यम से हम शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

# मिशन लाइफ के चौथे दिन अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने चलाया डोनेशन ड्राइव

- **बच्चों ने सीखा समाज के प्रति जिम्मेदारी का पाठ**

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों ने भारत वर्ष के सभी स्कूलों में चल रहे सातदिवसीय मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत चौथे दिन कचरों की मात्रा कम करने के प्रति बच्चों ने अपने को संकल्पित किया ।बच्चों ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरे विद्यालय एवं डीईओ ऑफिस में साफ सफाई अभियान चलाया।कचरों की प्रकृति के अनुरूप उन्हें सेग्रीगेट कर विद्यालय में दो जगहों पर रखे गिले एवं सूखे कचरों को निष्पादित करने के अपने आदत को बच्चों ने और मजबूत करने की बात समझे।

बच्चों ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह एवं शिक्षिका करुणा सिन्हा के साथ बच्चों ने आस पास के घरों में डोनेशन ड्राइव चलाया एवं प्राप्त पुराने कपड़ों,खिलौने आदि को नीडी परिवारों के बीच वितरित किया ।इस प्रक्रिया में बच्चों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पाठ सीखा।

बिहार सरकार
Directorate of Fisheries, Bihar, Patna

## पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार

### जुलाई माह में मत्स्य–पालकों द्वारा ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें:–

- ब्रुडर तालाब में पूरक आहार का प्रयोग मछली के कुल शरीर भार का 2 से 3 प्रतिशत की दर से करें। बेहतर प्रजनक मछली तैयार करने के लिए प्रति कि0ग्रा0 पूरक आहार में 10 ग्राम मिनरल मिक्चर एवं 5 ग्राम गट प्रोबायोटिक्स का प्रयोग करें।
- मत्स्य बीज उत्पादक अपने हैचरी से रोहु, कतला, मृगल, ग्रास कार्प, कॉमन कार्प एवं सिल्वर कार्प को स्पॉन का उत्पादन गहन प्रबंधन से करना चालू रखें।
- नर्सरी तालाब में स्पॉन डालने के 15 दिनों के बाद ही रासायनिक उर्वरक का प्रयोग करें।
- नर्सरी तालाब की तैयारी के बाद स्पॉन का संचयन 15–20 लाख प्रति एकड़ की दर से करें।
- रियरिंग तालाब की तैयारी के बाद फ्राई का संचयन 1.5 से 2 लाख प्रति एकड़ की दर से करें।
- ग्रो आउट तालाब में मछली पालन हेतु 50 ग्राम के ईयररिंग का संचयन 3000/एकड़ एवं 100 ग्राम ईयरलिंग का संचयन 2000/एकड़ की दर से करें। अर्ध–सघन मत्स्य पालन हेतु तालाब में एयरेटर का प्रयोग करें।
- तालाब में चूने का प्रयोग 15 दिनों के अन्तराल पर पी0एच0 मान के अनुसार 10–15 कि0ग्रा0/एकड़ की दर से करें।
- माह में एक बार जैविक खाद के रूप में गोबर 400 कि0ग्रा0/ एकड़ या सरसों/ राई की खल्ली 100 कि0ग्रा0/ एकड़ एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट 15–20 कि0ग्रा0/ एकड़ की दर से घोल का छिड़काव करें। रासायनिक एवं जैविक उर्वरक के बीच का अन्तराल कम से कम 15 दिन होना चाहिए। पानी ज्यादा हरा होने पर चुना एवं रासायनिक उर्वरक का प्रयोग बन्द कर दें।
- मौसम खराब रहने पर तालाब में पूरक आहार का प्रयोग नहीं करें।
- तालाब में मछलियों को संक्रमण से बचाव हेतु प्रति माह 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से पोटॉशियम परमेंगनेट का प्रयोग घोल कर करें।

**पहले चूना, तब गोबर उसके बाद परिपूरक आहार– तालाब में होगी मछलियों की भरमार**





पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य प्रभाग), बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित

PR No.- 003296 (Animal)D. 2024-25